सोमवार, 24 नवम्बर 2025

**मौसम**

तापमान 17 – 28
आर्द्रता 67%
सूर्योदय: 5:54 सूर्यास्त: 16:51

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** जिस व्यक्ति में लालच नहीं उसे दुनिया में कोई कभी गुलाम नहीं बना सकता।



भारतीय महिला टीम ने दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट विश्व कप जीता पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है : प्रधानमंत्री मोदी

## आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं



आईबीएसए मीटिंग में पीएम मोदी

**जोहानिसबर्ग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों की जोरदार वकालत करते हुए रविवार को कहा कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) के त्रिपक्षीय मंच को यह स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि वैश्विक संस्था में बदलाव अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मोदी ने यहां आईबीएसए नेताओं के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया बिखरी और विभाजित नजर आती है, आईबीएसए एकता, सहयोग और मानवता का संदेश दे सकता है। उन्होंने तीनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए इब्सा एनएसए स्तरीय बैठक को संस्थागत बनाने का भी प्रस्ताव रखा। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में मोदी ने कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमें करीबी समन्वय के साथ आगे बढ़ना होगा। इतने गंभीर मुद्दे पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है।''मानव-केंद्रित विकास सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने तीनों देशों के बीच यूप-ीआई जैसे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, कोविन जैसे स्वास्थ्य मंचों, साइबर सुरक्षा ढांचे और महिलाओं के नेतृत्व वाली तकनीकी पहल को साझा करने की सुविधा के लिए 'आईबीएसए डिजिटल नवाचार गठबंधन' की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। 'आईबीएसए' समूह दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने, वैश्विक शासन प्रणालियों में सुधारों को आगे बढ़ाने और विकासशील देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 40 देशों में परियोजनाओं के समर्थन में आईबीएसए निधि के कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने दक्षिण-दक्षिण सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए जलवायु अनुकूल कृषि के लिए आईबीएसए निधि का प्रस्ताव रखा। मोदी ने इब्सा बैठक को समयोचित बताया, क्योंकि यह अफ्रीकी धरती पर आयोजित प्रथम जी-20 शिखर सम्मेलन के साथ हुई है तथा 'ग्लोबल साउथ' देशों द्वारा लगातार चार बार जी-20 की अध्यक्षता किए जाने का नतीजा है, जिनमें से अंतिम तीन अध्यक्षता इब्सा सदस्यों द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप मानव-केंद्रित विकास, बहुपक्षीय सुधार और सतत विकास पर केंद्रित कई महत्वपूर्ण पहल हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आईबीएसए केवल तीन देशों का समूह नहीं है, बल्कि यह तीन महाद्वीपों, तीन प्रमुख लोकतांत्रिक देशों और तीन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एआई का दुरुपयोग रोकने के लिए वैश्विक समझौते का आह्वान किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपयोग रोकने के लिए एक वैश्विक समझौते का रविवार को आह्वान किया। उन्होंने महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को वित्त-केंद्रित के बजाय मानव-केंद्रित बनाने पर भी जोर दिया। जोहानिसबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग राष्ट्रीय के बजाय वैश्विक होने चाहिए तथा इन्हें विशिष्ट मॉडल के बजाय ओपन सोर्स पद्धति पर आधारित होना चाहिए। ओपन सोर्स पद्धति से तात्पर्य सभी के लिए मुफ्त में उलब्ध होने से है। मोदी ने कहा कि इस दृष्टिकोण को भारत के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकृत किया गया है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण लाभ हासिल हुए हैं, फिर चाहे वह अंतरिक्ष अनुप्रयोग हों या फिर एआई या डिजिटल भुगतान, जहां भारत दुनिया में अग्रणी है। जी20 शिखर सम्मेलन का तीसरा सत्र सभी के लिए एक निष्पक्ष और न्यायपूर्ण भविष्य-महत्वपूर्ण खनिज; सभ्य कार्य; कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर आधारित था। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई का इस्तेमाल वैश्विक भलाई के लिए हो और इसका दुरुपयोग रोका जाए। ऐसा करने के लिए, हमें कुछ मूल सिद्धांतों पर आधारित एआई पर एक वैश्विक समझौते की आवश्यकता होगी, जिसमें प्रभावी मानवीय निगरानी, डिजाइन के जरिये सुरक्षा, पारदर्शिता और 'डीप फेक', अपराध तथा आतंकवादी गतिविधियों में एआई के इस्तेमाल पर सख्त प्रतिबंध शामिल हो।

जी20 शिखर सम्मेलन में विकासशील देशों ने जलवायु कार्रवाई और ऋण राहत पर जोर दिया (पृष्ठ 5)

सोशल मीडिया के जरिये 2019 में डॉक्टरों का कट्टरपंथ की ओर झुकाव हुआ (पृष्ठ 7)

## इजराइल ने हिजबुल्ला के वरिष्ठ सदस्य हेथम तब्ताबाई को मार गिराने का दावा किया

**हरेत हरेक :** इजराइल की सेना ने दावा किया है कि उसने रविवार को बेरूत में किए गए हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ सदस्य एवं चरमपंथी हेथम तब्ताबाई को मार गिराया है। सेना ने एक बयान में तब्ताबाई को ईरान समर्थित चरमपंथी समूह का 'चीफ ऑफ स्टाफ' बताया गया है। हिजबुल्ला ने इस दावे पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। तब्ताबाई हिजबुल्ला की विशिष्ट 'रदवान इकाई' का नेतृत्व कर चुका था। अमेरिका ने 2016 में तब्ताबाई को आतंकवादी घोषित करते हुए उसे संगठन की हमलावर इकाई का कमांडर बताया था, जिसने सीरिया और यमन में हिजबुल्ला के विशेष बलों का नेतृत्व किया था। अमेरिका ने उसके बारे में जानकारी देने वाले को 50 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी।

## राज्यपाल बिल को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते, बस समय में ढील संभव : न्यायमूर्ति गवई


**नयी दिल्ली :** निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई ने रविवार को कहा कि विधेयकों की मंजूरी के वास्ते राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा की व्यवस्था को समाप्त करने का उच्चतम न्यायालय का निर्णय एक संतुलित फैसला है, क्योंकि संविधान इसकी अनुमति नहीं देता, लेकिन राज्यपाल भीविधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोककर नहीं रख सकते। अपने सरकारी आवास पर मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत में न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि संविधान शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत पर आधारित है और जहां समय-सीमा का उल्लेख नहीं है, वहां अदालत अपने स्तर पर समय-सीमा तय नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति 23 नवंबर (रविवार) को सेवानिवृत हो रहे हैं, जबकि शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में उनका आखिरी कार्यदिवस था। निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''हमने न केवल समयसीमा हटाई है, बल्कि यह कहकर इसे संतुलित भी किया है कि राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते।''

## अगले प्रधान न्यायाधीश के तौर पर आज शपथ लेंगे न्यायमूर्ति सूर्यकांत




**नयी दिल्ली :** न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज भारत के 53वें प्रधान न्यायधीश के रूप में शपथ लेंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी फैसले, बिहार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, पेगासस स्पाइवेयर मामला सहित कई ऐतिहासिक फैसलों और आदेशों का हिस्सा रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल आज शाम समाप्त होगा। गत 30 अक्टूबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगले प्रधान न्यायधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और वह इस पद पर लगभग 15 महीने तक रहेंगे। वह 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर नौ फरवरी, 2027 को सेवानिवृत्त होंगे।

## एक दिन सिंध भारत में शामिल हो सकता है : राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विभाजन के बावजूद सिंध के भारत के साथ सभ्यतागत संबंध को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के शब्दों को याद करते हुए रविवार को कहा कि ''सीमाएं बदल सकती हैं'' और '' सिंध फिर भारत में शामिल हो सकता है''। रक्षामंत्री ने सिंधी समुदाय द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''आडवाणी जी ने अपनी एक पुस्तक में लिखा है कि सिंधी हिंदू, विशेषकर उनकी पीढ़ी के लोग, अब भी सिंध को भारत से अलग करने की बात को स्वीकार नहीं कर पाए हैं।'' पाकिस्तान का निर्माण 1947 में तत्कालीन भारत के विभाजन के परिणामस्वरूप हुआ था, और सिंधु नदी के पास का सिंध क्षेत्र तब से पाकिस्तान का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''केवल सिंध में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में हिंदू सिंधु नदी को पवित्र मानते थे। सिंध में कई मुसलमान भी मानते थे कि सिंधु नदी का पानी मक्का के आब-ए-जमजम (सबसे पवित्र जल) से कम पवित्र नहीं है।'' सिंह ने कहा, ''यह आडवाणी जी का कथन है। आज सिंध की भूमि भले भारत का हिस्सा नहीं है, लेकिन सभ्यता की दृष्टि से सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा। जहां तक भूमि का प्रश्न है, सीमाएं बदल सकती हैं। कौन जानता है, कल सिंध भारत में वापस आ जाए। सिंध के हमारे लोग, जो सिंधु नदी को पवित्र मानते हैं, हमेशा हमारे अपने रहेंगे। चाहे वे कहीं भी रहें, वे हमेशा हमारे ही रहेंगे।'' सिंह ने हालांकि उस पुस्तक का नाम नहीं बताया, जिसका वह उल्लेख कर रहे थे। देश के उपप्रधानमंत्री रहे आडवाणी ने 2017 में दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था, ''मेरा मानना है कि सिंध के बिना भारत अधूरा लगता है।''

## गीता उलझन में फंसे विश्व के लिए समाधान प्रस्तुत करती है : संघ प्रमुख मोहन भागवत



**लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि नैतिक भ्रम, संघर्ष और शांति की कमी से जूझ रहे विश्व के लिए भगवद् गीता कालातीत मार्गदर्शन प्रदान करती है। यहां जनेश्वर मिश्र पार्क में रविवार को आयोजित ''दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव'' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल औपचारिकता मात्र नहीं है, बल्कि लोगों को गीता के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा, हम यहां इसलिए हैं क्योंकि गीता को केवल सुनाना नहीं, बल्कि उसे जीना है। इसके 700 श्लोकों को पढ़ना, मनन करना और अपने दैनिक जीवन में उतारना जरूरी है। कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र में अर्जुन की दुविधा और वर्तमान वैश्विक स्थिति के बीच समानताएं दर्शाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने कहा कि भौतिक प्रगति के बावजूद आज विश्व भटक गया है, थक गया है और दिशाहीन है। उन्होंने कहा, यहां धन और आराम तो है, लेकिन शांति नहीं है, संतोष नहीं है, नैतिक स्पष्टता नहीं है। भागवत ने कहा कि भारत के प्राचीन ज्ञान ने हजारों वर्षों तक विश्व का मार्गदर्शन किया है और गीता उस ज्ञान का सार है। उन्होंने कहा, जिस प्रकार कृष्ण ने अर्जुन का भ्रम दूर किया, उसी प्रकार गीता आज मानवता को उसकी चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकती है। भागवत ने कहा कि गीता हमें समस्याओं से भागने के बजाय उनका सामना करते हुए साहसी बनने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा, कृष्ण अर्जुन से कहते हैं – 'भागो मत। दृढ़ रहो, समस्या का सामना करो और अहंकार या भय के बिना कार्य करो'। संघ प्रमुख ने कहा कि सच्ची ताकत निस्वार्थ भाव से अपना कर्तव्य निभाने में निहित है।

## आईटीबीपी भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर महिला कर्मियों वाली 10 सीमा चौकियां स्थापित करेगी



**नयी दिल्ली/जम्मू :** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर महिला कर्मियों वाली 10 चौकियां स्थापित कर रही है। अर्धसैनिक बल के महानिदेशक ने यह जानकारी दी। आईटीबीपी 3,488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा करती है, जो दुर्गम और बर्फीला सीमांत क्षेत्र है। लद्दाख में 2020 के सैन्य झड़प के बाद शुरू की गई अपनी महत्वाकांक्षी ''अग्रिम मोर्चा'' योजना के तहत, अर्धसैनिक बल ने अब तक भारत के उत्तरी और पूर्वी हिस्से में अग्रिम मोर्चे पर 215 सीमा चौकियों की संख्या को भी बढ़ाया है। आईटीबीपी के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने शनिवार को जम्मू में आयोजित बल की 64वीं स्थापना दिवस परेड के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, ''हमने अग्रिम तैनाती योजना पर काम किया है और इसके परिणामस्वरूप, अग्रिम मोर्चे की सीमा चौकियों की संख्या अब 180 की तुलना में 215 हो गई है।''

उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



DR. SANTOSH KUMAR
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।
मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।
सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632
e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho



## जानलेवा बनता शिक्षकों का संवेदनहीन रवैया

यह खबर विचलित करने वाली है कि दिल्ली में एक सोलह वर्षीय छात्र और जयपुर में एक नौ साल की छात्रा ने स्कूल की असहज स्थितियों के चलते आत्महत्या कर ली है। निस्संदेह, ये आत्महत्या की घटनाएं एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती हैं। भारत के स्कूल, जिनका उद्देश्य बच्चों का पालन-पोषण और सुरक्षा करना है, तेज़ी से ऐसे स्थानों में बदल रहे हैं जहां क्रूरता, उपेक्षा और अनियंत्रित अधिकार बच्चों के जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां कोई असामान्य बात नहीं हैं; ये एक असफल व्यवस्था के लक्षण हैं। तीसरी भयावह घटना महाराष्ट्र के वसई की है जहां एक तेरह साल की छात्रा को किसी कारणवश स्कूल देर से पहुंचने पर शिक्षक ने अमानवीय सजा दी। छात्रा को स्कूल बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगाने को बाध्य किया गया। यह तथ्य नजरअंदाज करते हुए कि वह एनीमिया से पीड़ित है। छात्रा कुछ देर के बाद बेहोश हो गई और कालांतर में उसकी मौत हो गई। निस्संदेह, एक छात्र व एक छात्रा की आत्महत्या और महाराष्ट्र के वसई में छात्रा की उठक-बैठक लगाने से हुई मौत एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करती है। स्कूल जिनका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पालन-पोषण और सुरक्षा करना था, वे बच्चों के जीवन पर संकट की वजह बन रहे हैं। वहां शिक्षकों की संवेदनहीनता, उपेक्षा और सख्त व्यवहार कई बच्चों का जीवन बर्बाद कर सकते हैं। ये त्रासदियां असामान्य बात नहीं, ये हमारी शिक्षा व्यवस्था की असफलता की कहानी कहती है। दिल्ली में, मेट्रो स्टेशन से छलांग लगाने वाले किशोर ने अपने शिक्षकों के हाथों अपमान का हृदय विदारक वर्णन करते हुए एक पत्र छोड़ा है। उसके माता-पिता ने छात्र के उत्पीड़न का आरोप शिक्षकों पर लगाया है। उनका आरोप है कि उसे छोटी-छोटी बात पर डांटा गया, निष्कासन की धमकी दी गई और सहपाठियों के सामने मजाक उड़ाया गया।

आत्महत्या करने वाले छात्र के अभिभावकों द्वारा प्राथमिकी में बताया गया कि छात्र ने मन में आने वाले आत्महत्या के विचार से काउंसलर को अवगत कराया था। लेकिन शिक्षकों ने न तो माता-पिता को सूचित किया और न ही उसे इस दिशा में सोचने से रोकने के लिये कोई सलाह दी गई। निश्चित रूप से जब कोई छात्र अपनी किसी गंभीर समस्या का जिक्र करता है तो ऐसे में उदासीनता हिंसा का एक रूप ही कही जाएगी। वहीं दूसरी ओर जयपुर में नौ वर्षीय छात्रा की मौत के मामले में सीबीएसई की जांच में संस्थागत उदासीनता का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि पिछले 18 महीने से छात्रा अन्य छात्राओं द्वारा परेशान की जा रही थी। जिस दिन छात्रा ने आत्महत्या की, उस दिन वह अपनी सहपाठियों द्वारा लिखी गई, अश्लील सामग्री से स्पष्ट रूप से व्यथित होकर 45 मिनट में पांच बार अपनी शिक्षिका के पास शिकायत लेकर गई थी। शिक्षिका ने उसकी दलीलों को खारिज कर दिया और उलटा उसे ही डांटा। निश्चित रूप से शिक्षिका ने छात्रा की देखभाल के अपने कर्तव्य का उल्लंघन किया। कमोबेश वसई की घटना भी शिक्षक की घोर संवेदनहीनता को ही दर्शाती है, जिसने एनीमिया से पीड़ित छात्रा से बैग के साथ सौ उठक-बैठक लगवाई। हालांकि, शिक्षक को गैर-इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन छात्रा का जीवन वापस नहीं लौटाया जा सकता। निश्चित रूप से तीन राज्यों में तीन विद्यार्थियों की मौत हमारी संवेदनहीन व्यवस्था को ही दर्शाती है। दरअसल, आज स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिये कारगर कानून के अलावा भावनात्मक संकट की रिपोर्टिंग अनिवार्य करने की जरूरत है। स्कूलों में प्रशिक्षित परामर्शदाता होने चाहिए। साथ ही किसी बच्चे के भावनात्मक व शारीरिक शोषण रोकने के लिये सख्त दंड की व्यवस्था भी होनी चाहिए। ताकि भविष्य में किसी संभावना का यूं दुखद अंत न हो। इक्कीसवीं सदी के बच्चे नये दौर में नये सपनों की उड़ान लिए हुए हैं, वे अपनी अस्मिता व सम्मान के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। एकाकी परिवार में वे मां-बाप के लाड-प्यार से पलते हैं। जब भी उनके अहम को ठेस लगती है वे असहज हो जाते हैं। ऐसे में शिक्षकों का सतर्क व संवेदनशील व्यवहार जरूरी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 नवम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष चतुर्थी, 21:19 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 21:43 तक, योग : शुला, 12:31 तक, सूर्योदय: 05:54, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 09:17, चन्द्रास्त: 20:03, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : धनु , राहू काल : 07:20 से 08:41

## राशिफल

**मेष :** आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। व्यवसाय में आपको अकस्मात लाभ मिलेगा। आप अपनी सेहत को लेकर सजग रहें।

**वृष :** आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से करना मिलाकर चलेंगे। आपकी धन व प्रतिष्ठा बढ़ने से खुशी होगी। पारिवारिक मामला को भी आप मिल बैठकर निपटाएंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि किसी काम को भाग्य के भरोसे छोडेगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**कर्क :** आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। आपको सामाजिक कामों से जुड़ी कोई जरूरी जानकारी मिल सकती है।

**सिंह :** आज का दिन आपके सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अक्समात धन लाभ मिलने से खुशी होगी और परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी।

**कन्या :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें किसी नई जगह काम करने का मौका मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से आप सबक लेना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके कुछ नया करने के प्रयास बेहतर रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करके चलने के लिए रहेगा। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा और आप आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है, लेकिन फिर भी आप अपने आसपास रह रहे शत्रुओं को पहचान कर ही आगे बढ़ें। नये मेहमान का आगमन हो सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। संतान पढ़ाई के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं।

**कुम्भ :** आज आपको अक्समात लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा और आपके काम भी बढ़ेंगे, जिनसे कार्यक्षेत्र में आपको प्रमोशन मिल सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस के काम में आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको किसी लड़ाई झगड़े से दूर रहना होगा।

# श्रमेव जयते! आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधार



डॉ. मनसुख मांडविया
केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

कई दशकों तक भारत कमज़ोर आर्थिक विकास, गहरे भ्रष्टाचार और रोज़गार सृजन व श्रमिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के अभाव से जूझता रहा। राजनीतिक उद्देश्यों से होने वाले घेराव और बंदी ने बार-बार औद्योगिक गतिविधियों को बाधित किया, निवेश को रोका और व्यवस्था में विश्वास को कम किया। यह दुख की बात है कि पिछली सरकारों ने श्रमिक कल्याण को केवल नारों तक सीमित कर दिया और श्रमिकों के वास्तविक मुद्दों को गंभीरता से लेने में विफल रहीं।

इस जड़ता को तोड़ने के लिए देश के नेतृत्व में एक बड़ा बदलाव जरूरी था। लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'श्रमेव जयते' का आह्वान किया और कहा कि भारत की विकास यात्रा के केंद्र में श्रम की गरिमा यानी मजदूरों का सम्मान होना चाहिए। यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि एक नई राष्ट्रीय सोच की शुरुआत थी, जिसमें नीतियां बनाते समय श्रमिकों को केंद्र में रखा गया।

ऐसे बदलाव की जरूरत बहुत समय से महसूस की जा रही थी। भारत के ज़्यादातर श्रम कानून 1920 से 1950 के बीच बने थे और उनमें औपनिवेशिक सोच की झलक रहती थी। दूसरी ओर, दुनिया में काम करने का तरीका पूरी तरह बदल चुका था। गिग और प्लेटफ़ॉर्म अर्थव्यवस्था का बढ़ना, डिजिटल कामकाज, लचीली कार्य संरचनाएं और नए प्रकार के उद्यम तेजी से उभर रहे थे। लेकिन भारत के पुराने श्रम कानून समय के साथ नहीं बदले, और आधुनिक कार्यबल या प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे थे।

एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पंच प्रण के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमें औपनिवेशिक मानसिकता छोड़कर भविष्य की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। पुराने कानून इसलिए नहीं बने रहे क्योंकि वे अच्छे थे, बल्कि इसलिए क्योंकि पिछली सरकारों में उन्हें बदलने का राजनीतिक साहस, इच्छा शक्ति और दूरदृष्टि की कमी थी। बदलती परिस्थितियों और देश की जरूरतों के अनुसार उन्हें आधुनिक बनाने की हिम्मत किसी ने नहीं दिखाई।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का वैश्विक कद अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। दुनिया मानती है कि भारत अब भविष्य को आकार देने में केवल भाग नहीं ले रहा है, बल्कि उसे परिभाषित करने में भी मदद कर रहा है। लेकिन इस ऐतिहासिक क्षण का सही अर्थों में लाभ उठाने और संभावनाओं को दीर्घकालिक समृद्धि में बदलने के लिए, भारत औपनिवेशिक काल के उस श्रम ढांचे से बंधा नहीं रह सकता जो सशक्तिकरण के बजाय नियंत्रण के लिए बनाया गया था।

इसलिए, बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन, औपचारिकता का विस्तार और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक बदलाव आवश्यक था। इस राष्ट्रीय आवश्यकता को समझते हुए, मोदी सरकार ने स्वतंत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक को लागू किया। पहले के 29 बिखरे हुए श्रम कानूनों को मिलाकर चार सरल और स्पष्ट श्रम संहिताएं बनाई गईं : वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता।

21 नवंबर 2025 को ये श्रम संहिताएं लागू हो गईं। ये संहिताएं मिलकर एक आधुनिक श्रम ढांचा स्थापित करती हैं, जो श्रमिक-समर्थक और विकास-समर्थक दोनों है, और यह दिखाता है कि भारत अब तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार है। संसद द्वारा 2019 और 2020 में श्रम संहिताओं को पारित किया गया था, कई राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, श्रमिक संघों और उद्योग निकायों ने उनके प्रगतिशील इरादे का स्वागत किया है। उनकी खूबियों को पहचानते हुए, सभी राजनीतिक दलों के राज्यों ने संहिताओं के अनुसार से अपने श्रम कानूनों में बदलाव किए। उदाहरण के लिए, जिन राज्यों ने महिलाओं को उनकी सहमति और पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ रात में काम करने की अनुमति दी है, वहाँ कुल महिला रोजगार में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

सभी क्षेत्रों के स्टेकहोल्डर्स ने एक पुरानी हो चुकी श्रम प्रणाली से आगे बढ़ने की आवश्यकता को पहचाना है। उनके योगदान ने एक संतुलित ढाँचा तैयार करने में मदद की है जो श्रमिकों की सुरक्षा करता है और साथ ही अर्थव्यवस्था को विकसित होने में भी सक्षम बनाता है।

श्रमिकों और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ मेरी बातचीत में जो बात हमेशा सामने आई है वह कार्यस्थल पर स्पष्टता, निष्पक्षता और सम्मान की आवश्यकता पर बल देती है। इसी मार्गदर्शक सिद्धांत ने हमारे सुधारों को आकार दिया है, जिसने एक जटिल और बिखरे हुए सिस्टम को एक ऐसे सिस्टम से बदल दिया है जो सरल, पारदर्शी और हर श्रमिक की सुरक्षा करने वाला है।

श्रम संहिताएं अपने मूलभाव और अक्षरशः रूप में, नियोक्ताओं की अपेक्षाओं को संतुलित करते हुए श्रमिकों के हितों को प्राथमिकता देती हैं। वे निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देती हैं और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करती हैं। ये संहिताएं ऑडियो-विजुअल श्रमिकों और गिग तथा प्लेटफॉर्म श्रमिकों को औपचारिक मान्यता प्रदान करती हैं। ये अखिल भारतीय ईएसआईसी कवरेज को सक्षम बनाती हैं, 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करती हैं, जिनमें पहले बाहर रखे गए बागान श्रमिक भी शामिल हैं। साथ ही, ये राज्यों में असमानताओं को कम करने के लिए सभी श्रमिकों के लिए वैधानिक न्यूनतम वेतन की गारंटी देती हैं। अनिवार्य नियुक्ति पत्र, पक्की पे स्लिप और सवेतन वार्षिक अवकाश जैसे प्रावधान हर श्रमिक को अधिक स्थिरता, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करते हैं।

कॉन्ट्रैक्ट आधारित रोज़गार के एक प्रगतिशील विकल्प के रूप में, संहिताओं में फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट (एफटीई) यानी निश्चित अवधि के रोजगार की शुरुआत की गई है। एफटीई के तहत, एक निश्चित अवधि के लिए नियोजित श्रमिकों को स्थायी कर्मचारियों के समान ही वेतन, लाभ और काम करने की स्थितियाँ प्राप्त होती हैं, जिनमें सवेतन अवकाश, काम के तय घंटे, चिकित्सा सुविधाएँ, सामाजिक सुरक्षा और अन्य वैधानिक सुरक्षाएँ शामिल हैं। विशेष रूप से, एफटीई कर्मचारी केवल एक वर्ष की निरंतर सेवा के बाद ही ग्रेच्युटी के लिए पात्र हो जाते हैं।

संहिताएँ आधुनिक कार्यस्थलों की वास्तविकताओं को भी स्वीकार करती हैं। यदि कोई कर्मचारी स्वेच्छा से मानक घंटों से अधिक काम करना चुनता है, तो उसे ओवरटाइम के लिए नॉर्मल सैलरी रेट से दो-गुना पैसा मिलना चाहिए, जिससे हर परिस्थिति में निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

नारी शक्ति इन सुधारों का एक केंद्रीय स्तंभ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण से निर्देशित, ये संहिताएँ महिलाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में शामिल होने के नए रास्ते खोलती हैं-जिनमें अंडरग्राउंड खदानों, भारी मशीनरी और नाइट शिफ्ट में काम करना शामिल हैं-बशर्ते इस पर उनकी सहमति हो और मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू हों।

इसके साथ ही, संहिताएँ सिंगल रजिस्ट्रेशन, सिंगल लाइसेंस और सिंगल रिटर्न फाइलिंग की शुरुआत करके नियोक्ताओं पर कम्प्लायंस के बोझ को काफी कम करती हैं। यह सरलीकरण उद्योगों को पूरे भारत में अपनी यूनिट्स का विस्तार करने और स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

भारत की सामाजिक सुरक्षा 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत होने की विश्व में प्रशंसा हुई है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने भारत की प्रयासों को माना है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ ने सामाजिक सुरक्षा में बेहतरीन काम के लिए भारत को पुरस्कार प्रदान किया है। इन अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी नई श्रम संहिता को आधुनिक, प्रगतिशील और श्रमिकों के अनुकूल बताया है।

इन दूरगामी लाभों के बावजूद, यह स्पष्ट है कि ज़्यादातर आलोचना सुधारों की समझ से नहीं, बल्कि उन मज़बूत राजनीतिक हितों से होती है जो बदलाव नहीं चाहते हैं। जो लोग असर के लिए पुराने और अस्पष्ट व्यवस्था पर भरोसा करते थे, वे अब एक पारदर्शी, कुशल और श्रमिक-केंद्रित ढांचे से सहज नहीं हैं। इन संहिताओं से आए अच्छे बदलाव को मानने के बजाय, उन्होंने भ्रामक जानकारी फैलाना चुना है।

यह श्रम संहिता भारत के आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनने की राह में एक बड़ा बदलाव लाने वाला पड़ाव हैं। ये श्रमिक की गरिमा बनाए रखते हैं, औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं और एक ऐसा मॉडल बनाते हैं जहां श्रमिकों के अधिकार और सम्मान की रक्षा होती है तथा श्रमिकों को आत्मनिर्भरता बनाते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के प्रति प्रतिबद्धता से निर्देशित, ये श्रम सुधार एक आधुनिक, लचीली और समावेशी अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव रखते हैं जो श्रमिकों और उद्यमों दोनों को भारत के विकास के केंद्र में रखते हैं। श्रमेव जयते!

# गुरु तेग बहादुर क्यों कहलाए 'हिन्द की चादर'?



श्वेता गोयल

सिख धर्म के नवें गुरु, श्रद्धेय गुरु श्री तेग बहादुर जी केवल सिखों के ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के रक्षक और धार्मिक स्वतंत्रता के सर्वोच्च प्रतीक थे। इस वर्ष गुरु श्री तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने हर प्रकार की कट्टरता, अत्याचार और संकीर्णता के विरुद्ध निडर होकर आवाज उठाई और धर्म, मानवता तथा स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। जब मुगल साम्राज्य ने जबरन धर्म परिवर्तन का अभियान छेड़ा था, तब गुरु तेग बहादुर ने निर्भीक होकर कहा था, 'धर्म के लिए सिर देना स्वीकार है, पर झुकना नहीं।' उनका बलिदान किसी एक समुदाय के लिए नहीं बल्कि उस समस्त मानव जाति के लिए था, जो अपने विश्वास के साथ जीने का अधिकार चाहती थी। इसलिए उन्हें सम्मानपूर्वक 'हिन्द दी चादर' अर्थात् 'भारत की ढ़ाल' कहा गया क्योंकि उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा करते हुए सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति और सहिष्णुता की मर्यादा को बचाया। 24 नवम्बर 1675 को दिल्ली के चांदनी चौक में उन्होंने अपनी शहादत देकर यह सिद्ध कर दिया था कि धर्म का अर्थ किसी एक मत का आग्रह नहीं बल्कि सबके अधिकारों की रक्षा है। गुरु तेग बहादुर जी का जीवन संदेश देता है कि सच्चा धर्म वही है, जो दूसरों की आस्था का आदर करे और अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़ा हो। उनका बलिदान मानवता के इतिहास में एक अमर अध्याय है, जहां सिर कटा पर धर्म नहीं झुका।

गुरु तेग बहादुर ने धर्म के सत्य ज्ञान के प्रचार-प्रसार एवं लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए कई स्थानों का भ्रमण किया और लोगों को संयम तथा सहज मार्ग का पाठ पढ़ाते हुए धर्म के सत्य मार्ग पर चलने का उपदेश देते हुए आध्यात्मिक स्तर पर धर्म का सच्चा ज्ञान भी दिया तथा सामाजिक स्तर पर चली आ रही रूढ़ियों, अंधविश्वासों की कटु आलोचना कर नए सहज जनकल्याणकारी आदर्श स्थापित किए। उन्होंने कुएं खुदवाना, धर्मशालाएं बनवाना तथा अन्य लोक परोपकारी कार्य कराकर लोगों के आध्यात्मिक, सामाजिक व आर्थिक उन्नयन के लिए भी अनेक रचनात्मक कार्य किए। वे सदैव सिखों के प्रथम गुरु रहे गुरु नानक देव द्वारा बतलाए गए मार्ग का अनुसरण करते रहे। उनकी गिनती मानवीय धर्म, वैचारिक स्वतंत्रता एवं आदर्शों के लिए शहीद होने वाले महापुरूष तथा क्रांतिकारी युगपुरूष के रूप में होती रही है। उन्होंने कश्मीरी पंडितों तथा अन्य हिन्दुओं को बलपूर्वक मुसलमान बनाने का प्रबल विरोध किया।

वह ऐसा समय था, जब पूरी कट्टरता और निर्ममता के साथ इस्लाम धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा था और खून की नदियां बहाकर लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए विवश किया जा रहा था। गुरु तेग बहादुर ने लोगों को धर्म परिवर्तन से बचाने के लिए उन्हें प्रेरित करने का कार्य किया और उनकी लगातार बढ़ती लोकप्रियता तथा धर्म परिवर्तन की राह में रोड़ा बनने के कारण वे कट्टर मौलानाओं की आंखों में खटकने लगे थे। नतीजा यह हुआ कि तत्कालीन मुगल शासक औरंगजेब ने उन्हें तरह-तरह से परेशान करना शुरू कर दिया। इसी उद्देश्य से गुरु तेग बहादुर के कई करीबी सेवादारों को बड़ी ही निमर्मता से मरवा दिया गया। गुरु जी की आंखों के सामने ही उनके प्रिय सेवादार भाई मतीदास की बोटी-बोटी काट दी गई, भाई दयालदास को खौलते पानी के कड़ाह में फैंककर बड़ी दर्दनाक मौत दी गई, भाई सतीदास को कपास में लपेटकर जिंदा जला दिया गया।

**गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस (24 नवम्बर) पर विशेष**



मुगल शासक औरंगजेब का इतना अत्याचार झेलने के बाद भी गुरु तेग बहादुर अपने इरादों में टस से मस नहीं हुए और उन्होंने औरंगजेब द्वारा अपनाए गए दबाव के तमाम क्रूरतम तरीकों के बावजूद इस्लाम धर्म को अपनाने से इन्कार कर दिया था। अंततः औरंगजेब ने गुरु तेग बहादुर को मौत की सजा सुनाई और उसने सबके सामने उनका सिर कलम करवा दिया। क्रूर शासक औरंगजेब के फरमान पर दिल्ली के चांदनी चौक में काजी ने फतवा पढ़ा और जल्लाद जलालदीन ने तलवार से तेग बहादुर का शीश धड़ से अलग कर दिया। इस तरह धर्म, मानवीय मूल्यों, आदर्शों तथा सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुरु तेग बहादुर का विश्व इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा हैं।

दिल्ली में स्थित गुरुद्वारा शीश गंज साहिब और गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब उन स्थानों की याद दिलाते हैं, जहां गुरु तेग बहादुर की निर्मम हत्या की गई। जिस जगह उन्हें शहीद किया गया था, दिल्ली में चांदनी चौक के पास उसी जगह पर अब गुरुद्वारा शीशगंज साहिब है और जिस स्थान पर उनका अंतिम संस्कार हुआ था, वहां पर गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब है। 54 वर्ष की आयु में गुरु तेग बहादुर की असमय शहादत ने सिख धर्म को भी पूरी तरह से बदल दिया क्योंकि उसी घटनाक्रम के बाद अपनी रक्षा के प्रति सिख समुदाय पहले से ज्यादा सजग हुआ और कट्टर मुस्लिमों का कहर थोड़ा कम हुआ। उनकी शहादत के बाद उनके नौ वर्षीय पुत्र को गद्दी दी गई, जिसने आगे चलकर सिख धर्म की धारा को बदलकर रख दिया। गुरु तेग बहादुर का यह पुत्र खालसा पंथ का संस्थापक और सिखों का दसवां गुरु बना। गुरु गोबिंद सिंह ही गुरु तेग बहादुर के वह पुत्र थे, जिन्होंने साबित कर दिया कि सिख कमजोर नहीं हैं।

गुरु तेग बहादुर निर्भय आचरण, धार्मिक अडिगता और नैतिक उदारता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहे हैं। वे मानवीय धर्म एवं वैचारिक स्वतंत्रता के लिए शहादत देने वाले एक क्रांतिकारी युगपुरूष थे। गुरुग्रंथ साहिब में उनका योगदान अतुलनीय है। उनके द्वारा रचित 116 शबद गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल किए गए, जिनमें से एक है:-

*साधो कउन जुगति अब कीजै।*
*जा ते दुरमति सगल बिनासै राम भगति मनु भीजै।*
*मनु माइआ महि उरझि रहिओ है बूझै नह कछु गिआना।*

धर्म की रक्षा हेतु उनके बलिदान का उल्लेख करते हुए सिख ग्रंथों में कहा गया है:-

धरम हेत साका जिनि कीआ, सीस दीआ पर सिरड न दीआ।

अपने पिता गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय बलिदान के बारे में गुरु गोबिंद सिंह जी ने लिखा:-

*तिलक जंञू राखा प्रभ ताका। कीनो बडो कलू महि साका।।*
*साधन हेति इती जिनि करी। सीसु दीया परु सी न उचरी।।*
*धरम हेत साका जिनि कीआ। सीसु दीआ परु सिररु न दीआ।।*

धन्य हैं भारत की पावन भूमि पर जन्म लेने वाले और दूसरों की सेवा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले उदार चित्त, बहादुर व निर्भीक ऐसे महापुरूष। शांति, क्षमा और सहनशीलता के विलक्षण गुणों वाले गुरु तेग बहादुर जी ने उनका अहित करने की कोशिश करने वालों को सदा अपने इन्हीं गुणों से परास्त किया और लोगों को सदैव प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया था, उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका शहीदी दिवस उनके दिखलाए मार्ग पर चलते हुए किसी भी जुल्म और अन्याय का डटकर मुकाबला करने की प्रेरणा देता है।

(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय शिक्षाविद हैं)

## विदेश की खबरें

### अमेरिकी शांति योजना पर चर्चा के लिए यूक्रेन और पश्चिमी देशों की जिनेवा में बैठक

**जिनेवा :** रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा प्रस्तावित शांति योजना पर यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगी देशों के बीच जिनेवा में वार्ता हो रही है। यूक्रेन के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख, राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ आंद्रेई यरमक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ अपनी पहली बैठक की। यरमक ने कहा, अगली बैठक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ है। हमें सार्थक वार्ता की उम्मीद है। हम यूक्रेन में स्थायी और न्यायसंगत शांति स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। करीब चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका द्वारा तैयार किए गए 28 सूत्री प्रस्ताव ने यूक्रेन और अन्य देशों में चिंता पैदा कर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उनके देश को अपने संप्रभु अधिकारों के लिए खड़े होने और आवश्यक अमेरिकी समर्थन को बनाए रखने के बीच एक कठिन विकल्प का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भी जिनेवा पहुंचने की संभावना है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को 'व्हाइट हाउस' के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमेरिकी प्रस्ताव उनका अंतिम प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने कहा, मैं शांति चाहता हूं। यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था। रूस-यूक्रेन युद्ध कभी नहीं होना चाहिए था। किसी न किसी तरह, हमें इसे ख़त्म करना ही होगा। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस योजना को उनका अंतिम प्रस्ताव न मानने का उनका क्या मतलब है और 'व्हाइट हाउस' ने स्पष्टीकरण के अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया।

## वर्ग पहेली नं. 3272



*ऊपर से नीचे:-* 1) रानी, 2) कोमल, 3) वैभवशाली, 4) पदतल, 5) फूल, 8) लड़ना, 9) अनुचित; अवैध; 11) चक्का जाम, 13) एक संख्या, 15) अंदर का, 18) बकवास, 20) क्रांतिकारी; विद्रोही, 21) हाथ पसारना, 22) पेशगी.
*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) बेक़सूर, 3) दलाली, 6) नक़ली, 7) नखरे तथा गर्वपूर्वक इतराना, 10) एक राजा जिसने शक संवत् चलाया था, 12) सूर्योदय देश, 13) पराभव, 14) आसानी, 16) छोला, 17) मुँह में ऊपर-नीचे की वे हड्डियाँ जिसमें दाँत होते हैं, 19) माँग ; लालसा, 22) मुक्त, 23) उपद्रवी; मूर्ख, 24) नियुक्त करना *(नौकर)*, 25) एक फल.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | ख़ा | बि | र | ■ | ■ | फ | टी | च | र |
| ■ | ब | ■ | च | ट | प | टा | ■ | य | ■ |
| स | र | क | ना | ■ | नी | ■ | ऐ | न | क |
| सु | ■ | बा | ■ | ए | ला | न | ■ | ■ | रु |
| र | ब | ड़ी | ■ | क | ■ | ह | रि | या | णा |
| ■ | ग | ■ | प | ता | व | र | ■ | मि | ■ |
| क | ला | कं | द | ■ | रा | ■ | प | नी | र |
| ठो | ■ | ड | ■ | रा | ह | गी | र | ■ | क्ष |
| र | स | म | ला | ई | ■ | ला | ■ | शो | क |

## सुडोकू-पहेली-3231

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 5 | 6 | 7 | | | | 8 |
| | | 8 | | 9 | | 2 | | 1 |
| | | 9 | 5 | | | | | 6 |
| | | | | | | | | |
| | | | 4 | 5 | | | 9 | 7 |
| | | | 2 | 6 | | 5 | | |
| | | | | | | 3 | 1 | |
| | 8 | | | | 6 | | | |
| | 4 | | | | 1 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3230 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 5 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 3 |

# आज फिर बीएलओ ओइक्या मंच सड़कों पर उतरेगी, चुनाव आयोग के ऑफिस के पास धरने की योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले से अबतक प्रक्रिया के दौरान बीएलओ के एक वर्ग ने चुनाव आयोग के खिलाफ एक के बाद एक शिकायतें की हैं। 'बीएलओ ओइक्या मंच' बनाया गया है। शनिवार के बाद इस बार सोमवार को भी बीए-लओ ओइक्या मंच एसआईआर का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर रहा है। पता चला है कि आज दोपहर 12 बजे कॉलेज स्ट्रीट से जुलूस शुरू होगा। फिर, जुलूस आयोग के ऑफिस पहुंचेगा। प्रदर्शनकारी वहीं स्थायी रूप से धरना देना चाहते हैं। अगर यह धरना शुरू होता है तो तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को भी बुलाया जाएगा। आयोजक कई बीएलओ की मौतों को लेकर सड़कों पर उतर रहे हैं। गौरतलब है कि राज्य में अब तक कुल तीन बीएलओ की मौत हो चुकी है। हर मृतक के परिवार का आरोप है कि काम के ज्यादा बोझ के कारण उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा। लेकिन सिर्फ इतना ही नहीं, राज्य भर में बीएलओ के बीमार पड़ने की खबरें भी सामने आ रही हैं। ये शिकायतें उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण बंगाल तक कई ज़िलों से आई हैं। हर कोई सीधे तौर पर काम के बोझ को ज़िम्मेदार ठहरा रहा है। इसलिए, इस बार, बीएलओ ओइक्या मंच इसके विरोध में सड़कों पर उतर रहा है।

## मुख्य चुनाव अधिकारी टेलीकॉम कंपनियों के साथ करेंगे बैठक

राष्ट्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज अग्रवाल वेबसाइट सर्वर की समस्या को लेकर टेलीकॉम कंपनियों के साथ बैठक करने वाले हैं। दरअसल, बीएलओ पहले ही एसआईआर से जुड़े काम के दबाव को लेकर कई शिकायतें कर चुके हैं। जिनमें से एक ऑनलाइन जानकारी अपलोड करने से जुड़ी समस्या है। इंटरनेट ठीक से न होने की वजह से बीएलओ को दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे में चुनाव आयोग ने कदम उठाया है। आयोग ने इस समस्या के समाधान के लिए सभी टेलीकॉम कंपनियों के साथ बैठक करने का फैसला किया है। खबर है कि यह बैठक सोमवार को होने वाली है।

## एसआईआर काम के लिए बीएलओ को एडवांस में दिया जाएगा भत्ता

मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम के लिए बीएलओ को मिलने वाले भत्ता का एक हिस्सा एडवांस के तौर पर दिया जा रहा है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी का ऑफिस बीएलओ का मोटिवेशन बढ़ाने के बारे में सोच रहा है। चुनाव आयोग एसआईआर का काम करने वाले बीएलओ को उनके काम के लिए 6,000 रुपये देने की योजना कर रहा है। इसमें से सीईओ ऑफिस ने राज्य को 80,681 बूथ लेवल ऑफिसर्स को 2,000 रुपये एडवांस में देने का प्रपोजल भेजा था। जैसा कि नवान्न ने इसे अप्रूव कर दिया है, सीईओ ऑफिस के सूत्रों के मुताबिक, एडवांस का पैसा इसी हफ्ते से बूथ लेवल ऑफिसर्स तक पहुंच जाएगा। बूथ लेवल ऑफिसर्स की बीमारी, मौत या सुसाइड के मामलों को लेकर इलेक्शन कमीशन थोड़ा अनकम्फर्टेबल है। कमीशन के सूत्रों के मुताबिक, यह फैसला आने वाले दिनों में एसआईआर के काम के लिए बूथ लेवल ऑफिसर्स का भरोसा जीतने के लिए है।

## साल्टलेक में सड़क से दूसरे राज्यों के कई आधार कार्ड मिले, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच रविवार की सुबह साल्टलेक के पास एक पार्क के बाहर कई आधार कार्ड लावारिस हालत में पाए गए। सुबह की सैर पर निकले लोगों ने बीए-सीए खेल के मैदान के किनारे आधार कार्ड पड़े देखे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के पते वाले आधार कार्ड, सैटेलाइट शहर के डीए और सीए ब्लॉक के बीच एक मैदान के पास फुटपाथ पर पड़े थे। सैर करने वालों ने जब इन कार्ड को देखा तो इसकी जानकारी लोगों ने बिधाननगर उत्तर थाने को दी। पुलिस का कहना है कि इस बात की जांच शुरू कर दी गई है कि ये कार्ड वहां क्यों फेंके गए थे।



अधिकारी ने कहा कि यह असामान्य बात है कि आधार कार्ड यहां फेंके गए मिले। ये आधार कार्ड अलग-अलग राज्यों के हैं और ये यहां कैसे पहुंचे यह एक रहस्य है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है ताकि कोई सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि कार्डों पर लिखे नंबरों पर भी कॉल करके पता लगाएंगे कि कार्ड सचमुच खोए थे या फिर ये नकली।

# बीएलओ 'आत्महत्या' मामले में मुख्यमंत्री के दावों की जांच की जानी चाहिए : राज्यपाल बोस

### 'मैं खुद रियलिटी चेक करूंगा', बांग्लादेशियों के भागने की घटनाओं पर बोले राज्यपाल

- बंगाल में तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर राजभवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित
- राजभवन में भव्य समारोह में राज्यपाल ने चौंथे वर्ष में प्रवेश पर काटा केक



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशी नागरिकों के भागने की चर्चाओं के बीच राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा है कि वह भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा करेंगे और उसके बाद कमेंट करेंगे। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर जमा हुए लोगों के बारे में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं बॉर्डर पर जाऊंगा, रियलिटी चेक करूंगा और फिर उस पर कमेंट करूंगा। इसी बीच, राज्यपाल ने राज्य में एसआईआर के बीच बीएलओ के कथित तौर पर आत्महत्या करने की घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि ऐसे हालात में, बिना सोचे-समझे रिएक्शन देने से बचना बेहतर है। मुख्यमंत्री ने जो कहा है, उसकी डिटेल में जांच होनी चाहिए। मुझे यकीन है कि हमारे पास एक इलेक्शन कमीशन है जो काफी मजबूत है और जिसका नजरिया बैलेंस्ड है। इन सभी मामलों की ठीक से जांच की जा सकती है और सही हल निकाले जा सकते हैं। लेकिन जरूरी यह है कि इस देश में फ्री और फेयर इलेक्शन का ध्यान से पालन किया जाए। उन्होंने सभी को पैनिक रिएक्शन से बचने की सलाह दी। राज्यपाल ने यह भी कहा कि संविधान में हालात को सुलझाने के लिए काफी चेक्स एंड बैलेंस हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और इलेक्शन कमीशन के बीच बातचीत होनी चाहिए। गवर्नर के तौर पर दोनों के बीच की खाई को पाटने के लिए जो भी जरूरी होगा, मैं उसके लिए जरूर पहल करूंगा। इस दिन, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अपने ऑफिस में तीसरा साल पूरा होने पर कोलकाता के राजभवन में योग अवेयरनेस प्रोग्राम होस्ट करते हुए योग किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे मुझे बहुत संतुष्टि और आत्म-संतुष्टि मिलती है। मैं खुद को बंगाल के लोगों, खासकर बच्चों, नई पीढ़ी, बुजुर्गों और समाज के सभी वर्गों की सेवा में लगा दूंगा। राजभवन के दरवाजे लोगों के लिए खुले रहेंगे।

**❑ बंगाल में हिंसा और भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमारी लड़ाई जारी रहेगा : राज्यपाल**

डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य के राज्यपाल के तौर पर रविवार को तीन साल पूरे किए और चौथे वर्ष में प्रवेश किया। राज्यपाल के तौर पर चौथे साल की शुरुआत पर अपने संबोधन में बोस ने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि बंगाल में हिंसा व भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका संग्राम (लड़ाई) जारी रहेगा। बोस ने कहा कि हिंसा मुक्त व भ्रष्टाचार मुक्त बंगाल और विकसित बंगाल मेरा लक्ष्य है। बोस ने इस दौरान गोपाल कृष्ण गोखले की उस बात का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि बंगाल जो आज सोचता है, भारत कल सोचता है। बोस ने लोगों से हिंसा व भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की शपथ लेने और विकसित बंगाल के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिलकर साथ चलने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि जिस तरह मां काली ने रक्तबीज का वध किया था उसी तरह हम भ्रष्टाचार को शेष करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि भगवान कृष्ण ने जिस प्रकार बकरासुर का वध किया था, उसी प्रकार हम ींहसा को समाप्त करेंगे।

**❑ चौथे साल की शुरुआत पर राजभवन में हुए कई कार्यक्रम**

बोस के राज्यपाल के रूप में चौथे साल की शुरुआत के मौके पर कोलकाता राजभवन को जन राजभवन में बदलने की बोस की पहल के अनुरूप सुबह से लेकर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजभवन में सुबह में योग जागरूकता सत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें राज्यपाल ने भी योगासन किया। इसके बाद राज्यपाल की अभया पहल के तहत कराटे शो हुआ। इस मौके पर राजभवन के सेंट्रल मार्बल हाल में इंडियन म्यूजियम की ओर से विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसका उद्घाटन राज्यपाल ने किया। कला व ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। राज्यपाल ने जरूरतमंद लोगों में कृत्रिम अंगों का भी वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने राजभवन फ्री प्राइमरी स्कूल के बच्चों में यूनिफार्म भी बांटे। राज्यपाल ने समाज में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया।


# जयनगर में बीएलओ को काम के दबाव के कारण आया हार्ट अटैक, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में जुटे दो बीएलओ की कथित आत्महत्या को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। इस टकराव के बीच, दक्षिण 24 परगना जिले में एक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। बीमार कमल नस्कर नामक बीए-लओ के परिवार वालों ने दावा है कि तनाव की वजह से उनकी तबीयत बिगड़ी है। कमल नस्कर दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में एक प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक हैं और वे इस समय बीएलओ के रूप में एसआईआर का



कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुझे 13 नवंबर को गणना फार्म मिले और मैंने उन्हें बांट दिया। अब वोटर्स से भरे हुए फॉर्म लेने का समय था। मुझे 26 तारीख तक काम खत्म करने के लिए कहा गया है। मैं इस तनाव की वजह से बीमार पड़ गया हूं कि कहीं मैं समय सीमा पार न कर दूं। उनके परिवार वालों का कहना है कि नस्कर शनिवार को बीएलओ की एक बैठक में शामिल हुए थे, जिसमें उन्हें गणना फॉर्म इकट्ठा करके 26 नवंबर तक जमा करने को कहा गया था। उनके परिवार वालों ने बताया कि घर आते ही नस्कर की तबीयत खराब होने लगी। उन्हें एक प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया। ब्लॉक डेवलपमेंट आफिसर और स्थानीय तृणमूल विधायक ने नर्सिंग होम में उनसे मुलाकात की।

## उच्च न्यायालय ने बैंकों से स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल के संबंध में मांगी रिपोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बैंकों से कहा है कि वे अपनी शाखाओं में स्थानीय भाषा समेत तीन भाषाओं में जरूरी दस्तावेज प्रकाशित करने से जुड़े आरबीआई के परिपत्र का पालन करने के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करें। अदालत को बताया गया कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और कुछ दूसरे बैंकों ने पहले ही अंग्रेजी, हिंदी और संबंधित स्थानीय भाषा के इस्तेमाल को लेकर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। 'बांग्ला पोक्खो चैरिटेबल ट्रस्ट' ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर राज्य में बैंकों को आरबीआई के परिपत्र का पालन करने और उनकी सभी शाखाओं में स्थानीय भाषा बांग्ला का इस्तेमाल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने निर्देश दिया कि मामला दिसंबर के पहले हफ्ते में फिर से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। पीठ ने कहा कि जिन बैंकों ने अब तक अपनी रिपोर्ट दाखिल नहीं की है, वे अगली तारीख से पहले रिपोर्ट दाखिल करें। बता दें कि आरबीआई ने एक जुलाई 2014 को एक परिपत्र के जरिये सरकारी और निजी बैंकों को ग्राहक सेवा से जुड़े दस्तावेज अंग्रेजी, हिंदी और स्थानीय भाषा में प्रकाशित करने का निर्देश दिया था।

# संदेशखाली में बीएलओ के कार्य में बाधा और धमकी देने के आरोप में तृणमूल कार्यकर्ता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल के एक कार्यकर्ता जमीरुल इस्लाम मोल्ला को बीएलओ के काम में बाधा और दबाव डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि बीएलओ को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। नैजाट थाने की पुलिस ने संदेशखाली-एक नंबर ब्लाक के बीडीओ की शिकायत पर तृणमूल कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। खबर है कि दीपक महतो नाम का एक बीएलओ उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली के संदेशखाली-एक नंबर ब्लॉक में मतदाता सूची के एसआईआर का काम कर रहा है। आरोप है कि स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ता जमीरुल इस्लाम मोल्ला बार-बार उनके काम



में रुकावट डाल रहा था। दीपक पिछले कुछ दिनों से इस बारे में बीडीओ से शिकायत कर रहा था। दीपक ने आरोप लगाया कि जमीरुल उससे गणना फार्म को अलग-अलग तरीकों से विकृत कर भरने के लिए कह रहा था। इतना ही नहीं, उन्हें इलाके के कई घरों में जाने से भी रोका गया। उन्हें धमकी दी गई कि अगर उन्होंने उनकी बात नहीं मानी तो जान का खतरा हो सकता है। जमीरुल ने कथित तौर पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फोन पर भी धमकी देने के आरोप हैं। कई दिनों तक एसआईआर के कार्य में अलग-अलग तरीकों से रुकावट डालने की कोशिश करने के बाद दीपक ने पहले बीडीओ से मौखिक शिकायत की। बाद में, उन्होंने जमीरुल के खिलाफ लिखित में भी शिकायत की। उसके बाद, बीडीओ ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने जमीरुल को गिरफ्तार कर लिया।

# एसआईआर के बीच स्कूलों में काम करने के लिए किया जा रहा मजबूर

- शिक्षकों ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया लगातार विवादों में है। इसी क्रम में राज्य के कई सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने अधिकारियों के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है और आरोप लगाए कि अधिकारी उन्हें राज्य में एसआईआर के लिए बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के तौर पर काम करने के लिए नियमित शिक्षण कार्य से छूट नहीं दे रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया में शामिल बीएलओ, असल में बंगाल के अलग-अलग सरकारी स्कूलों से जुड़े शिक्षक हैं। उन्होंने चुनाव




आयोग से शिकायत की है कि अधिकारी आयोग के आदेश का सम्मान नहीं कर रहे हैं। शिक्षकों ने शिकायत की है कि उन्हें पहली पाली में अपने नियमित शिक्षण कार्य में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है और फिर दूसरी पाली में बीएलओ ड्यूटी के लिए भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ काम का बहुत ज्यादा दबाव बढ़ रहा है, बल्कि गणना प्रपत्र इकट्ठा करने की प्रक्रिया, उन प्रपत्रों का डिजिटलिकरण और बीएलओ ऐप के जरिए अपलोड करने पर भी असर पड़ रहा है। वहीं, बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि चुनाव आयोग स्कूल अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों को काफी गंभीरता से ले रहा है और जल्द ही राज्य सरकार से बात करके उन्हें शिक्षकों को उनके नियमित शिक्षण कार्य से हटाकर बीएलओ की ड्यूटी करने का निर्देश देगा। शिक्षकों की ओर से चुनाव आयोग में यह शिकायत उस समय दर्ज कराई गई है, जब बंगाल में लगातार बीएलओ के आत्महत्या के मामलों ने तूल पकड़ा है।

## तृणमूल का दावा, कल्याणी में एसआईआर सहायता शिविर में की गई आगजनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि नदिया जिले के कल्याणी में पार्टी द्वारा स्थापित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहायता शिविर में आग लगा दी गई और उसने



इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कल्याणी शहर के वार्ड नंबर 6 में स्थित शिविर में आधी रात के बाद तोड़फोड़ की गई और आग लगा दी गई। पोस्ट में आगजनी वाले शिविर का एक वीडियो संलग्न करते हुए कहा गया कि कल्याणी के वार्ड नंबर छह में पार्टी कार्यालय से सटे एक स्थान पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित एसआईआर सहायता शिविर में तोड़फोड़ की गई और आग लगा दी गई। यह भाजपा समर्थकों द्वारा किया गया। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि जनता को सहायता और राहत प्रदान करने के लिए स्थापित इस शिविर में जानबूझकर तोड़फोड़ की गई और संपत्ति व उपकरणों को नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने कहा कि उसने उपद्रवियों की तलाश शुरू कर दी है। जिला भाजपा नेता ने तृणमूल कांग्रेस के दावे का खंडन करते हुए आरोप लगाया कि यह घटना सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर आंतरिक कलह का नतीजा है।

## कस्बा के होटल में सीए की मौत के मामले में दो लोग गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके में स्थित एक होटल में 33 वर्षीय एक व्यक्ति (पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट) का खून से लथपथ शव मिलने के मामले में रविवार को पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीरभूम जिले के दुबराजपुर निवासी आदर्श लोसलका का शव 21 नवंबर को होटल के एक कमरे में फर्श पर खून से लथपथ पड़ा मिला था। अधिकारी ने बताया कि होटल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और सभी इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की जांच करने के बाद कमल साहा और ध्रुव मित्रा नाम के दो लोगों को शहर में उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या यह मामला



हत्या का है या फिर गिरफ्तार किए गए दो लोगों के साथ हाथापाई के दौरान जमीन पर गिरने के कारण हुई मौत का। प्रथम दृष्टया, ऐसा माना जा रहा है कि आदर्श का परिचय एक डेटिंग ऐप पर एक महिला से हुआ था। पुलिस ने बताया कि मामले में गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है वे शुक्रवार की रात आदर्श लोसलका के होटल में प्रवेश के समय उनके साथ थे। शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे तीनों लोगों ने कस्बा के उक्त होटल में प्रवेश किया था, जहां एक कमरा बुक किया गया था। उनमें से दो लोग महिला और एक अन्य युवक देर रात करीब 1.30 से 2 बजे होटल से निकल गए थे। उसके बाद वे वापस नहीं लौटे। इस बीच शनिवार दोपहर में आदर्श की लाश कमरे से मिली थी। पुलिस जांच में जुटी है।

## राज्य में एसआईआर के 20वें दिन तक 7.64 करोड़ गणना फॉर्म वितरित




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के 20वें दिन रविवार तक अनुमानित 7.64 करोड़ गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक 7.66 करोड़ मतदाताओं में से 99.75 प्रतिशत को गणना प्रपत्रों के वितरण के माध्यम से इसके दायरे में लाया जा चुका है। कुल 3.77 करोड़ भरे हुए प्रपत्र, यानी 49.26 प्रतिशत, ऑनलाइन अपलोड किए जा चुके हैं।

# बीएलओ को मतदाताओं के हित में काम करना चाहिए : शुभेंदु अधिकारी

**पूर्व मेदिनीपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करने का आग्रह किया, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक भी अपात्र मतदाता का नाम मसौदा सूची में शामिल न हो। पूर्व मेदिनीपुर के नंदीग्राम में रविवार को एक रैली को संबोधित करते हुए शुभेंदु ने कुछ बीएलओ का जिक्र किया जो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के प्रति कथित रूप से निष्ठा दिखा रहे हैं और एक राजनीतिक पार्टी के पक्ष में काम करने का प्रयास कर रहे हैं। शुभेंदु ने यह भी कहा कि अधिकांश बीएलओ एसआईआर को



समय-सीमा पर पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल काम करने में उनकी (बीएलओ) अनिच्छा के बारे में झूठ फैलाकर डराने का प्रयास कर रही है। विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य का एक भी वास्तविक नागरिक एसआईआर के बारे में आशंकित नहीं हैं, ना ही उन्हें डर है कि कहीं उन्हें निरूद्ध केंद्र में न भेज दिया जाए, क्योंकि वे ममता बनर्जी और उनके लोगों की झूठी कहानी को समझ गए हैं। शुभेंदु अधिकारी ने दोहराया कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो जाने पर लगभग एक करोड़ घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि घुसपैठिए बांग्लादेशी, रोहिंग्या, तुरंत देश से भाग जाएं, इससे पहले कि हमें आपमें से हर एक का पता लगाना पड़े और आपको निर्वासित करना पड़े। भाजपा नेता ने कहा कि सभी समुदायों के भारतीय नागरिकों को एसआईआर प्रक्रिया से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल बांग्लादेशी मुसलमानों और म्यांमा से आए रोहिंग्याओं को ही वापस भेजा जाएगा, जबकि बांग्लादेश या पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हिंदुओं को नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) के तहत नागरिकता प्रदान की जाएगी।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- EDUCATION
- OBITUARY
- PROPERTY
- NAME CHANGE
- REMEMBRANCE
- RECRUITMENT
- PUBLIC NOTICE
- DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# बीएलओ की मौतों के लिए चुनाव आयोग जिम्मेदार, सांसद कल्याण बनर्जी का आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर लोकसभा सीट से सांसद कल्याण बनर्जी ने रविवार को श्रीरामपुर गंगा दर्शन अपार्टमेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर गंभीर आरोप लगाए। सांसद ने कहा कि बंगाल में बीएलओ कर्मचारियों पर असहनीय दबाव डाला जा रहा है, जिसके कारण अब तक 43 लोग प्रभावित हुए हैं। इनमें से 20 ने आत्महत्या की, 14 की मौत हुई और 3 ने आत्महत्या की कोशिश की। उन्होंने चेतावनी दी कि दिल्ली के एयर-कंडीशन कमरे में बैठकर हालात का आंकलन करना आसान है, जबकि वास्तविक स्थिति का जायजा ग्रामीण इलाकों में जाकर लिया जाना चाहिए। कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीएलओ को पूरे दिन फॉर्म वितरित, संग्रह और अपलोड करना पड़ रहा है, जबकि नेटवर्क की कमी और डिजिटल प्रक्रिया में परेशानी के कारण कार्य असंभव बन गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और केंद्र सरकार की मशीनरी स्थानीय लोगों और वैध मतदाताओं पर दबाव डाल रही है, जिससे भय और तनाव फैल रहा है। सांसद ने केंद्र सरकार और राज्यपाल पर भी तीखा हमला किया, कहा कि बाहरी नेतृत्व बंगाल में स्वीकार्य नहीं है और जनता ईवीएम के माध्यम से अपना जवाब देगी। उन्होंने भाजपा नेताओं और राज्यपाल की नीतियों की आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि बंगाल में स्थानीय नेतृत्व की भूमिका अनिवार्य है।



### घर में फंदे से लटके मिले बांग्ला फिल्मों के सिनेमैटोग्राफर सौम्यदीप

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्ला फिल्मों के सिनेमैटोग्राफर सौम्यदीप गुइन उर्फविक्की रविवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने घर में फंदे से लटके पाए गए। सौम्यदीप (40) का शव उनके परिवार ने दोपहर के समय उनके कमरे से बरामद किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हालांकि, जांच के आदेश दे दिए गए हैं, लेकिन सौम्यदीप के आत्महत्या किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पुलिस कुछ समय बाद उनके परिवार से बात करेगी ताकि मौत के पीछे की परिस्थितियों का पता चल सके। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें बताया गया है कि हाल के दिनों में उन्हें उम्मीद के मुताबिक काम नहीं मिल रहा था और हम इस पहलू की भी जांच कर रहे हैं। हमें बताया गया है कि वह अवसाद से जूझ रहे थे। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# नागरिक सेवाओं में कमियों की शिकायत पर चकदह के 21 पार्षदों को शो-कॉज नोटिस

**✒ सात दिनों में जवाब तलब**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की कई नगरपालिकाओं में नेतृत्व में बदलाव को लेकर हंगामा हो रहा है। कई नगरपालिकाओं में बड़े अधिकारियों के आदेश पर बड़े फेरबदल किए गए हैं। इस बीच, चकदह नगरपालिका के 21 पार्षदों पर नागरिक सेवाओं में लापरवाही के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम और शहरी विकास विभाग ने यह नोटिस भेजा है। चकदह के कई स्कूलों और व्यवसायिक संगठन के प्रमुखों के हस्ताक्षरित एक डिटेल्ड शिकायत गत 17 नवंबर को नगर निगम विभाग को दी गई थी। इसके बाद, प्रशासन ने कार्रवाई की। नगर निगम और शहरी विकास विभाग ने शिकायत की गंभीरता से जांच की। चकदह नगर पालिका के 21 पार्षदों पर बिना देर किए कारण बताओ नोटिस किया गया। अगले सात दिनों में जवाब तलब किया गया है। नागरिकों की शिकायतों के मुताबिक, शहर का कचरा निपटान व्यवस्था लगभग चरमरा गया है। 21 वार्डों की सड़कों पर गंदा कचरा जमा हो रहा है। आरोप है कि उनसे तेज बदबू फैल रही है। इलाके के लोगों की तरफ से ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी कई शिकायतें हैं। नालों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है, इसलिए सीवेज सिस्टम गंदे पानी और कचरे से भरा हुआ है। इसके अलावा, शहर की कई सड़कें खराब हालत में हैं, इस वजह से कभी-कभी एक्सीडेंट हो जाते हैं। स्टूडेंट्स, काम करने वाले लोगों और गाड़ी चलाने वालों को लगभग हर दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टोटो-वैन को कंट्रोल करने में मिसमैनेजमेंट ने लोगों के आने-जाने में और दिक्कत पैदा कर दी है।



### केशियाड़ी में मोटरबाइक दुर्घटना, तीन घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशियाड़ी थाना अंतर्गत चाकला इलाके में शनिवार की शाम एक मोटरबाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति सहित दो बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति दो बच्चों को साथ लेकर मोटरबाइक से बाजार में मांस खरीदने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों ही सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को केशियाड़ी ग्रामीण अस्प-ताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि एक बालक की स्थिति चिंताजनक है, जिसे बेहतर इलाज के लिए अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

## बर्दवान में जमीन विवाद को लेकर चली गोली, इलाके में तनाव

**बर्दवान :** बर्दवान शहर के वार्ड 18 के कोलाघाट इलाके में जमीन विवाद को लेकर गोली चलने की घटना घटी। घटना की खबर मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्थानीय व्यापारी सुबीर मंडल का लंबे समय से पड़ोसियों के साथ घर के पास की एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार की रात यह विवाद अचानक बढ़ गया। जानकारी के अनुसार, सुबीर मंडल का पड़ोसियों के साथ पहले गर्मागर्म बहस हुई, जिसके बाद उन्होंने अपनी लाइसेंस प्राप्त बंदूक से कथित तौर पर फायरिंग की। हालांकि, राहत की बात यह है कि गोली किसी को नहीं लगी और हवा में चलाई गई। सुबीर मंडल के परिवार ने आरोप लगाया है कि स्थानीय लोगों ने लंबे समय तक उनके घर को घेरकर रखा। परिवार ने पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही भीड़ गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने लगी। उनके अनुसार, आत्मरक्षा में सुबीर ने हवा में फायरिंग की ताकि भीड़ को रोका जा सके। दूसरी ओर, स्थानीय लोगों का कहना है कि वे एक बैठक कर रहे थे, तभी अचानक सुबीर मंडल के घर से गोली चलने की आवाज आई। इसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थिति को शांत किया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, किसी की गिरफ्तारी या हिरासत में लेने की खबर नहीं है। पुलिस घटना के हर पहलू की जांच कर रही है।

## सिलीगुड़ी में तीन फर्जी एनआईए अधिकारी गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डीडी) और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने तीन फर्जी एनआईए अधिकारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम एहसान अहमद, रेहान बाबर और मानिक राय है। एहसान अहमद और रेहान बाबर दोनों पांजीपाड़ा का तथा मानिक राय सिलीगुड़ी का निवासी है। दरअसल, तीनों ने खुद को एनआईए अधिकारी बताकर लोगों से अवैध रूप से वसूली कर रहा था। जिसके बाद मेडिकल मोड़ निवासी राहुल घोष ने माटीगाड़ा थाना में दो दिन पहले लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप था कि एनआईए अधिकारी बनकर तीनों ने उनसे लाखों रुपए ऐंठ लिए है। शिकायत के आधार पर डीडी और एसओजी ने संयुक्त रूप से जांच शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस ने फर्जी एनआईए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक महंगी चार-पहिया गाड़ी, एक स्कूटी, छह मोबाइल फोन और पीड़ित व्यक्ति से संबंधित कई दस्ता-वेजों की जेरॉक्स कॉपी बरामद की है। पुलिस टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।




## मंदारमणि में दोस्तों के साथ छुट्टी पर गए युवक की पानी में डूबकर मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** मंदारमणि समुद्र तट पर शनिवार को एक दुखद और सनसनीखेज घटना हुई, जब वर्दवान का 25 वर्षीय युवक सूरत बसु समुद्र में डूब गया। सूरत अपने चार दोस्तों और एक सहेली के साथ छुट्टी मनाने और समुद्र का आनंद लेने वहां आया था। शनिवार की दोपहर, वे समुद्र के शांत किनारे बैठकर बातचीत कर रहे थे और इस दौरान सूरत ने अकेले ही पानी में नहाने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, सूरत समुद्र में कुछ दूरी तक गया और लहरों की तेजी के कारण संतुलन खो बैठा। देखते ही देखते वह पानी में डूब गया। उसके साथियों ने तत्काल स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी दी। नुलियारा ने भी पानी में उतरकर बचाव की कोशिश की, लेकिन अंधकार और लहरों की वजह से उनका पता नहीं चल सका। स्थानीय पुलिस और बचाव दल को शनिवार शाम इस घटना की सूचना दी गई। पुलिस और बचाव दल ने समुद्र में खोज अभियान शुरू किया। रविवार को भी यह अभियान जारी रहा। पुलिस ने सूरत के दोस्तों से प्रारंभिक पूछताछ की है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह अकेले समुद्र में उतरे थे या अन्य साथी भी पानी में थे। इस प्रकार की घटनाएं मंदारमणि, दीघा और ताजपुर समुद्र तट पर पहले भी हो चुकी हैं। पिछले जून में तीन पर्यटक समुद्र में डूब गए थे, जिनमें से दो को बचाया गया था, लेकिन एक की अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। स्थानीय लोग और परिवार शोक में हैं और वे यह मांग कर रहे हैं कि समुद्र तटों पर सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू किया जाए। बचाव दल और प्रशासन ने आगाह किया है कि समुद्र में अकेले या अनियंत्रित रूप से नहाने से खतरा अधिक रहता है।

# एआई से लड़कियों की तस्वीरें अपत्तिजनक बनाने का आरोप, आरोपी सार्वजनिक रूप से पिटा

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत कोन्ननगर के कनाईपुर बसाई ऑटो स्टैंड इलाके में महिलाओं की तस्वीरें एआई की मदद से अपत्तिजनक रूप देकर सोशल मीडिया पर फैलाने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाओं ने सार्वजनिक तौर पर व्यक्ति की जूतों से पिटाई की और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि प्रांतो राय नामक इस व्यक्ति की किराना दुकान है, जहां जेरॉक्स की सुविधा भी उपलब्ध है। आरोप है कि उसकी दुकान पर जो भी महिलाएं जेरॉक्स कराती थीं, वह उनकी तस्वीरें अपने पास रख लेता था और बाद में उन्हें एआई की मदद से अपत्तिजनक रूप देकर सोशल मीडिया पर फैलाता था। प्रांतो के कई सोशल मीडिया अकाउंट हैं। उन्हीं अकाउंट्स के जरिए पूर्व सहपाठियों को यह घिनौनी हरकत का पता चलता था।



आरोप है कि उसने आठ साल से लेकर अस्सी वर्ष की महिलाओं तक सभी की तस्वीरों को निशाना बनाया। जब घटना की जानकारी इलाके में फैली, तब कुछ युवतियां प्रांतो को पकड़कर जूतों से पीटते हुए सीधे कनाईपुर पुलिस फाड़ी तक ले गईं। स्थानीय पंचायत सदस्य शंपा चक्रवर्ती ने कहा, इस आरोपी की जो पहचान मिल रही है, उससे लगता है कि इसका बांग्लादेश से संपर्क है। इसने कई लड़कियों की तस्वीरें लेकर ऐसी हरकत की है। पुलिस प्रशासन कड़ी कार्रवाई करे। इलाके की महिलाएं भारी संख्या में पुलिस फाड़ी पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त सजा की मांग करने लगीं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उसके टैब और लैपटॉप से कई आधार कार्डों की तस्वीरें भी मिली हैं, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## मेदिनीपुर में लॉरी की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के मेदिनीपुर सदर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार लॉरी की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने पथावरोध कर विरोध-प्रदर्शन किया। घटना शनिवार की देर रात माईतिर गोला इलाके में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, मेदिनीपुर से केशपुरगामी मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार से आ रही एक लॉरी ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर खाकर युवक सड़क पर गिर पड़ा और पीछे से आ रही वही लॉरी उसके ऊपर से गुजर गई। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान रबिउल अली (28) के रूप में हुई है, जो मेदिनीपुर के बनपुरा इलाके का निवासी था। स्थानीय और पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, रबिउल एलाहिगंज क्षेत्र में काम खत्म कर अपने घर लौट रहा था, तभी यह भयावह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही मेदिनीपुर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक तथा घटना में शामिल लॉरी को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और घंटों तक अवरोध कर विरोध जताया। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

### बीकानेर मंडल में कार्य के चलते हावड़ा-बाड़मेर एक्सप्रेस को नए मार्ग पर किया गया संचालित

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल में चल रहे ट्रैक मरम्मत कार्य के कारण 25 नवंबर को शुरू होने वाली 12323 हावड़ा-बाड़मेर एक्सप्रेस को अस्थायी रूप से नए मार्ग से संचालित किया जाएगा। यह ट्रेन अब अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-लोहाड़ू जंक्शन-चूरू-रतनगढ़-डिगाना की बजाय रेवाड़ी-रींगस जंक्शन-फुलेरा जंक्शन-डिगाना के रास्ते चलेगी। परिवर्तित मार्ग के तहत ट्रेन को नरनौल, नीम का थाना, रींगस और फुलेरा स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव भी प्रदान किया जाएगा।

### मेनिन्जाइटिस टीकाकरण से बच्चों की सुरक्षा के लिए टीकाकरण जरूरी, जानें लक्षण और बचाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेनिन्जाइटिस, जिसे ब्रेन फीवर भी कहा जाता है, बच्चों में मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की झिल्ली में सूजन पैदा करने वाला गंभीर संक्रमण है। यह बैक्टीरिया, वायरस या फंगस के कारण होता है और समय पर पहचान तथा टीकाकरण के बिना जानलेवा साबित हो सकता है। विश्व स्तर पर हर साल 25 लाख से अधिक मामले सामने आते हैं, जिनमें करीब 70% मौतें पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होती हैं। डॉ. अरुणालोक भट्टाचार्य, पीडियाट्रिशन, कहते हैं, समय पर टीकाकरण जीवन बचाता है और समुदाय को सुरक्षित बनाता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स 9-23 महीने के बच्चों के लिए मेनिंगोकोकल टीके की दो खुराक और उच्च जोखिम वाले बच्चों के लिए एक खुराक की सिफारिश करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का लक्ष्य 2030 तक इस बीमारी से होने वाली मौतों में 70% और प्रकोप में 50% कमी लाना है।

### यामाहा इंडिया का नया लॉन्च, स्टाइलिश बाइक और स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर

**कोलकाता, समाज्ञा :** यामाहा मोटर इंडिया ने भारत में अपने प्रीमियम और इलेक्ट्रिक दोपहिया पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नई एक्सएसआर155, एफजेड-राव और इलेक्ट्रिक स्कूटर एरोक्स-ई एवं ईसी-06 लॉन्च किए। नई एक्सएसआर155 प्रीमियम रेट्रो-स्टाइल और आधुनिक तकनीक का संगम पेश करती है, जबकि एफजेड-राव युवाओं के लिए डिजाइन की गई एक दमदार और स्टाइलिश 150सीसी बाइक है। इलेक्ट्रिक सेगमेंट में एरोक्स-ई और ईसी-06 पर्यावरण-अनुकूल स्मार्ट मोबिलिटी विकल्प के रूप में सामने आए हैं, जो शहरों में रोजमर्रा की सवारी और लंबी दूरी दोनों के लिए उपयुक्त हैं। यामाहा मोटर इंडिया के चेयरमैन इतारू ओतानी ने कहा कि यह लॉन्च भारतीय युवाओं की बदलती पसंद, प्रीमियम प्रदर्शन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। एक्सएसआर155 की कीमत 1,49,990 रुपये और एफजेड-राव की कीमत 1,17,218 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यह लॉन्च यामाहा की तकनीकी नवाचार और भारतीय बाजार में भविष्य की मोबिलिटी दृष्टि को दर्शाता है।

### तमलुक में बस पलटी, कई यात्री घायल, सड़क पर अफरा-तफरी

**पूर्व मेदिनीपुर :** नंदकुमार से तमलुक जा रही एक यात्री बस हल्दिया मेचेदा राज्य सड़क पर अचानक नियंत्रण खो बैठी और पलट गई। बस सड़क किनारे एक पोखर के पास जाकर रुक गई। इस हादसे में लगभग दस यात्रियों के घायल होने की सूचना मिली है, जबकि अन्य यात्री किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकले। दुर्घटना के समय बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बस में सवार यात्रियों ने जोर-जोर से चीखें मचाईं और कई लोग डर के मारे सीटों से खड़े हो गए।

### कोलकाता मेट्रो ऑरेंज लाइन में आज से नई सेवाओं का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। ऑरेंज लाइन में आज यानी 24 नवंबर से कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिस्टम (सीबीटीसी) लागू किया जाएगा। इस बदलाव के साथ अब सोमवार से शुक्रवार तक दैनिक 62 ट्रेन सेवाएं (31 अप और 31 डाउन) संचालित की जाएंगी, जबकि पहले यह संख्या 60 थी। शनिवार और रविवार को कोई सेवा नहीं होगी। पहली सेवा कवि सुभाष से बेलेघाटा के लिए सुबह 7:40 बजे से शुरू होगी (पहले 8:00 बजे) और बेलेघाटा से कवि सुभाष के लिए सुबह 8:10 बजे चलेगी (पहले 7:55 बजे)। अंतिम सेवा कवि सुभाष से बेलेघाटा के लिए शाम 8:20 बजे और बेलेघाटा से कवि सुभाष के लिए शाम 8:45 बजे रहेगी (पहले दोनों 20:05 बजे थीं)।

## आरपीएफ हावड़ा ने ऑपरेशन सतर्क के तहत भारी मात्रा में नकदी जब्त की



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने संदिग्ध एवं अवैध नकदी के परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष सतर्कता अभियान ऑपरेशन सतर्क के तहत अपनी निगरानी और कड़ी कर दी है। इस पहल का उद्देश्य रेलवे परिसर में सुरक्षा को मजबूत करना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और रेलवे सुविधाओं के पारदर्शी उपयोग को सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में, 22 नवंबर को हावड़ा मंडल के आरपीएफ अधिकारियों ने हावड़ा स्टेशन से एक व्यक्ति को पकड़कर उसके कब्जे से 37,64,000 की भारी नकदी बरामद की। पूछताछ के दौरान वह व्यक्ति इस बड़ी राशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहा। गिरफ्तार व्यक्ति और जब्त नकदी को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट/हावड़ा सेंट्रल में रखा गया है।

## पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में जनाधार बढ़ाने के लिए अभियान चलायेगा जेडीएस

**❑ पार्टी के पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सिंह ने पेश किया प्रस्ताव**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जनता दल (सेक्युलर) अर्थात जेडीएस ने पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जेडीएस के पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सिंह ने यह प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के सभी नेताओं ने समर्थन किया। उन्होंने अपने प्रस्ताव में कहा कि हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने 243 में से 200 से ज़्यादा सीटें जीतीं, जिससे देश का राजनीतिक परिदृश्य स्पष्ट हो गया है। बिहार में नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) ने 2020 में अपनी 43 सीटों से दोगुनी होकर 85 सीटें हासिल कीं, जो एनडीए गठबंधन की सफलता को दर्शाता है। श्री सिंह ने बताया कि जेडीएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में तय किया गया है कि वह पार्टी का प्रचार-प्रसार देश के अन्य राज्यों में बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। एनडीए के घटक दल के तौर पर जनता दल (सेक्युलर) ने भाजपा को ज़्यादातर लोकसभा सीटें जिताने में अहम और अहम भूमिका निभायी है। बताया गया है कि पार्टी के कर्नाटक युवा जनता दल के अध्यक्ष निखिल कुमारस्वामी के नेतृत्व में 57 दिन का मेंबरशिप ड्राइव और राज्य का दौरा शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि देश भर में मौजूदा राजनीतिक हालात और राजनीतिक पार्टियों के ध्रुवीकरण को देखते हुए, जेडीएस का आधार मजबूत करना जरूरी है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री व राज्यसभा सदस्य एचडी देवेगौड़ा को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही एचडी कुमारस्वामी को पार्टी के कर्नाटक का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है।




## सीकर नागरिक परिषद का नि:शुल्क नुक्कड़ स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** समाजहित में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) एवं सीकर जिला वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा इस सप्ताह दो नि:शुल्क नुक्कड़ स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। परिषद की यह पहल स्थानीय समुदायों को मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रभावी रूप से आगे बढ़ रही है। शुक्रवार को आयोजित 104वां स्वास्थ्य शिविर रूपा सरस्वती शिशु मंदिर, मेदिनीपुर (पश्चिम मेदिनीपुर) में संपन्न हुआ, जहां 284 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र परीक्षण किए गए। इनमें 60 मरीज चश्मा योग्य तथा 7 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए। शिविर के दौरान स्कूल के सभी 341 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य कार्यकर्ताओं को शीतकालीन वस्त्र और कंबल वितरित किए गए। रविवार को दक्षिण-पूर्व कोलकाता के धापा क्षेत्र में 105वां नुक्कड़ सामान्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 152 मरीजों की सामान्य जांच एवं नेत्र परीक्षण किए गए और आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में 133 लोग चश्मा योग्य तथा 8 मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए। परिषद द्वारा सभी चश्मा योग्य मरीजों को सप्ताहांत तक चश्मे उपलब्ध कराने तथा ऑपरेशन योग्य मरीजों के शीघ्र उपचार हेतु व्यवस्था की जा रही है। शिविरों से संबंधित जानकारी संयोजक रतन कुमार सीकरिया एवं राखाल राय ने साझा की। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि परिषद कार्यकर्ताओं की समर्पित भावना के कारण ये सेवा गतिविधियां समाज के जरूरतमंद वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच पा रही हैं। अध्यक्ष अरविंद कुमार बियानी ने बताया कि परिषद परिवार समाजहित के ऐसे कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखेगा। सचिव रवि शंकर सीकरिया ने दोनों शिविरों को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निष्ठा और टीमवर्क ही परिषद की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने यह भी बताया कि सीकर भवन के पास प्रतिदिन लगभग 550 राहगीरों को खिचड़ी महाप्रसाद वितरित किया जा रहा है। शिविरों की सफलता में गोपाल सीकरिया, शुभम सिन्हा, राजेश साव, मनोज यादव, राखाल राय एवं उनकी टीम के साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



## उत्तरी कमान कमांड अस्पताल में आयोजित प्रथम उन्नत नेत्र चिकित्सा शिविर में 2,000 लोग जांचे गए

**नई दिल्ली/कोलकाता :** उत्तरी कमान के कमांड अस्पताल, उधमपुर में 18 से 22 नवंबर तक आयोजित उन्नत नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर 'ऑप दृष्टि' ने जम्मू-कश्मीर में चिकित्सा सेवा विस्तार की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल), नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 2,000 से अधिक लोगों की जांच की गई, जबकि 400 से अधिक जटिल नेत्र सर्जरियां, जैसे मोतियाबिंद, ग्लूकोमा एवं रेटिना से जुड़ी प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की गईं। उधमपुर, डोडा, राजौरी, पुंछ, किश्तवाड़ और रामबन सहित दूरस्थ क्षेत्रों से सैन्यकर्मी, आश्रित, वीर नारियां और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचे। शिविर की सर्जिकल टीम का नेतृत्व ब्रिगेडियर एस.के. मिश्रा ने किया, जो आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) के नेत्र विज्ञान विभाग प्रमुख हैं और देश के दो राष्ट्रपतियों की नेत्र सर्जरी कर चुके हैं। समापन समारोह को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर उत्तरी कमान एवं एएफएमएस के प्रयासों की सराहना की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए प्रशंसा की। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एवं उत्तरी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 20 नवंबर को शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि सेना न केवल देश की सुरक्षा करती है, बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। लाभार्थियों में पुंछ के 72 वर्षीय सुरिंदर सिंह शामिल रहे, जिन्होंने दृष्टि लौटने के बाद अन्य ग्रामीणों को शिविर तक पहुंचाने में मदद की। मेंढर के सेवानिवृत्त सैनिक अब्दुल्ला शफीक तथा 96 वर्षीय राजकुमारी देवी की सफल सर्जरी ने शिविर को और भी प्रेरणादायक बनाया। इस अभियान की शुरुआत रक्षा मंत्री और उपराज्यपाल की साझा पहल से हुई, जिसके बाद सेना प्रमुख ने सर्वोच्च सैन्य चिकित्सा अधिकारियों को शिविर की योजना व क्रियान्वयन के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।



# हकीमपुर बॉर्डर पर 'अवैध बांग्लादेशियों' का छलका दर्द, बोले... 'एसआईआर के कारण लौटना पड़ रहा'

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच, उत्तर 24 परगना में हकीमपुर बीएसएफ बॉर्डर आउटपोस्ट के पास सड़क किनारे गैर-कानूनी रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की भीड़ लगी है। बताया जाता है कि ये सालों से यहां रह रहे हैं। रविवार को लाइन में खड़े होकर बीएसएफ जवानों से गुजारिश कर रहे थे- 'हमें घर जाने दो।' लाइन में लगे कई लोगों ने माना कि पश्चिम बंगाल में रहने के दौरान उन्होंने दलालों और बिचौलियों से आधार कार्ड, राशन कार्ड या वोटर आई बनवाए थे।



एसआईआर के पुराने डॉक्यूमेंट्स के वेरिफिकेशन की मांग करने पर, कई लोगों ने कहा कि वे पूछताछ और संभावित हिरासत का जोखिम उठाने के बजाय वहां से चले जाना पसंद करेंगे। कोलकाता में आठ साल से रह रहे एक युवा वेटर ने कहा कि अब यहां नहीं रुकना है। अगर वे पुराने पेपर्स चेक करेंगे, तो हम कुछ नहीं दिखा पाएंगे। उनके सवाल पूछने से पहले ही यहां से चले जाना बेहतर है। न्यू टाउन, बिराटी, धुलागढ़, बामनगाछी, घुसुड़ी और हावड़ा के औद्योगिक क्षेत्र के कुछ हिस्सों से आए पुरुषों, महिलाओं और परिवारों की कतार में यह चिंता झलक रही थी। कुछ लोग दस साल से ज़्यादा समय से राज्य में थे। दूसरे कुछ साल पहले ही आए हैं। बॉर्डर पर तैनात अधिकारियों का कहना है कि हर दिन 150-200 लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है। वेरिफिकेशन के बाद वापस भेजा जा रहा है। 4 नवंबर से, जिस दिन एसआईआर एक्सरसाइज शुरू हुई थी, लाइनें लंबी होने लगीं। एक बीएसएफ ऑफिसर ने कहा कि हम यह नहीं मान सकते कि यहां हर कोई बस घर लौट रहा है। वेरिफिकेशन जरूरी है। बायोमेट्रिक डिटेल्स डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज और स्टेट पुलिस को भेजी जाती हैं। इसमें समय लगता है। भीड़ की वजह से दो से तीन दिन की देरी आम बात है। लोग आउटपोस्ट गेट के बाहर प्लास्टिक शीट, अखबार या रुके हुए ट्रकों के नीचे इंतज़ार करते हैं। बीएसएफ के जवान कैंप के अंदर लोगों को खाना देते हैं, लेकिन बाहर इंतज़ार कर रहे लोग सड़क किनारे लगे स्टॉल या कभी-कभी लोकल युवाओं और दुकानदारों से मिलने वाले खाने पर निर्भर रहते हैं।

# सांकराइल थाना में 'फिट कॉप - 6 किमी साइक्लिंग' कार्यक्रम का सफल आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सिटी पुलिस के नेतृत्व में सांकराइल पुलिस थाना ने 'फिट कॉप - 6 किमी साइक्लिंग' इवेंट का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल में शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक समर्थन के महत्व को बढ़ावा देना था। पुलिस कर्मियों ने छह किलोमीटर की दूरी साइकिल चलाकर अपनी शारीरिक सहनशक्ति और सामूहिक समन्वय का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शामिल पुलिस कर्मियों ने न केवल अपनी फिटनेस का ख्याल रखा, बल्कि टीम भावना और मानसिक सजगता को भी मजबूत किया। हावड़ा सिटी पुलिस ने इस पहल को स्वास्थ्य-चेतन और प्रेरित पुलिस बल बनाने की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम के रूप में बताया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के इवेंट से समाज की सेवा में तत्पर, मजबूत और एकजुट पुलिस बल तैयार होता है। पुलिस विभाग ने आगामी दिनों में ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना भी बनाई है, ताकि पुलिसकर्मी शारीरिक और मानसिक रूप से हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहें।

## 21 साल के युवा मछुआरे की सुंदरबन में बाघ के हमले से दर्दनाक मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के कुलतली थाना क्षेत्र के मोइपिट इलाके में एक युवा मछुआरे का जीवन केवल 21 साल की उम्र में ही समाप्त हो गया। मृत युवक का नाम तापस हलदर है। बुधवार से लापता रहने के बाद शनिवार को उसका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, बुधवार को तपस हलदर तीन अन्य मछुआरों के साथ सुंदरबन के जंगल में केकड़ा पकड़ने गया था। उसी समय अचानक अजमलमारी जंगल से एक रॉयल बंगाल टाइगर ने हमला कर दिया। बाघ ने तापस को नाव से खींच लिया। वहीं, अन्य दो साथी नाव में सुरक्षित होने के बावजूद कुछ कर नहीं पाए। घटना की जानकारी शुक्रवार शाम को मछुआरों की टीम ने घर लौटकर दी। इसके बाद वन विभाग और स्थानीय मछुआरों की टीम घटना स्थल पर पहुंची।

# बारानगर शूटआउट मामले में पत्नी समेत चार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारानगर शूटआउट की घटना में पीड़ित विकास मजूमदार की पत्नी के विवाहेतर संबंधों की थ्योरी सामने आई है। पुलिस का अनुमान है कि विकास की पत्नी और उसके प्रेमी ने पति को दुनिया से हटाने की योजना बनाई थी। इसके लिए दो बदमाशों को काम पर रखा गया था। उन्होंने फायरिंग की। लेकिन विकास बच गया। पुलिस ने विकास की पत्नी और उसके प्रेमी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के नाम रेखा मजूमदार (विकास मजूमदार की पत्नी), प्रदीप दे (रेखा का प्रेमी), सुशांत अडक (बाइकर) और समीम लस्कर (हत्यारा) हैं। पता चला है कि रेखा के प्रदीप के साथ विवाहेतर संबंध थे, जिसे मटियाब्रुज थाने के फतेहपुर से गिरफ्तार किया गया। घटना के बाद पुलिस ने इलाके के रहने वाले विकास और उसके परिवार वालों से 48 घंटे तक पूछताछ की और उसकी पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों को कोर्ट में पेश किया गया है और पुलिस कस्टडी की अर्जी दी गई है। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार की सुबह बारानगर नगरपालिका के नॉर्दर्न पार्क इलाके के रहने वाले विकास मजूमदार पर गोलियां चलाई गईं। सुबह करीब 6:25 बजे विकास अपने घर का कचरा फेंकने नॉर्दर्न पार्क गए थे। उसी समय बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उन पर गोलियां चला दीं। विकास सड़क पर गिरे तो गोली का निशाना चूक गया। गोली लगने से वह घायल हो गए।

# चोरी के शक में भीड़ ने युवक को बेरहमी से पीटा, हुई मौत

**मालदह :** मालदह के इंग्लिशबाजार में एक भयावह घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। दुकानों से चोरी के संदेह में भीड़ ने युवक सामजान शेख को बुरी तरह पीट दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और अब यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि और कौन इस घटना में शामिल था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार की रात यह घटना इंग्लिशबाजार के बाजार समिति के आमबाजार क्षेत्र में हुई। सामजान शेख उसी इलाके की एक दुकान में काम करता था। आरोप है कि शनिवार को उसी दुकान से पैसे चोरी हुई और सामजान पर यह आरोप लगाया गया। रात में उसे पकड़कर लोगों ने भीड़ के सामने पीटा। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद भीड़ ने उसे छोड़ दिया, और इस दौरान उसके हाथ-पांव टूट गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर तुरंत पहुंची और सामजान को गंभीर हालत में मालदह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में देर रात सामजान की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने इंग्लिशबाजार थाना में हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने इस मामले में पिंटू मंडल, सुजन घोष और देवाशिश घोष को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि और कौन इस वारदात में शामिल था। पड़ोसियों और परिवार के लोगों ने बताया कि सामजान शेख इलाके में एक नेकदिल और मेहनती व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। पिता की मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। सामजान की पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं।

अब उनका परिवार आर्थिक और भावनात्मक रूप से गंभीर संकट में है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तत्परता बरती जा रही है।

# ठाकुरपुकुर में मोबाइल न मिलने पर छात्रा ने की आत्महत्या, घर से मिला झूलता शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोबाइल फोन न देने पर नाराज होकर एक माध्यमिक परीक्षार्थी द्वारा आत्मघाती कदम उठाने की चौंकाने वाली घटना से ठाकुरपुकुर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शनिवार सुबह घर के कमरे से किशोरी का झूलता हुआ शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों में भी शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृत छात्रा की पहचान अंकना विश्वास के रूप में हुई है, जो ठाकुरपुकुर पोड़ा अश्वत्थतला स्थित शिवाजी कॉलोनी की रहने वाली थी। कोरोना काल में पिता की मौत के बाद अंकना अपनी मां अंजलि के साथ रहती थी। वर्ष 2026 में उसकी माध्यमिक परीक्षा होनी थी। घटना के दिन सुबह अंकना की मां अंजलि बाजार जाने की तैयारी कर रही थीं। उसी दौरान अंकना ने उनसे मोबाइल फोन मांगा। लेकिन मां ने उसे देने से साफ इनकार कर दिया और उल्टे उसे पढ़ाई करने को कहा। बताया गया है कि इस बात से नाराज होकर अंकना अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब अंजलि बाजार से घर लौटीं, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने देखा कि अंकना कमरे में फंदे से झूल रही है। घबराकर उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ठाकुरपुकुर थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और यह देखा जा रहा है कि क्या घटना केवल मोबाइल फोन को लेकर हुई नाराजगी के कारण हुई या इसके पीछे कोई और कारण भी था।

## विदेश की खबरें

# जी20 शिखर सम्मेलन में विकासशील देशों ने जलवायु कार्रवाई और ऋण राहत पर जोर दिया

**जोहानिसबग :** दक्षिण अफ्रीका में संपन्न जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले गरीब देशों ने इस बैठक का उपयोग नेताओं पर जलवायु कार्रवाई और उच्च स्तर के ऋण के मुद्दे पर दबाव बनाने के लिए किया है, जो विकासशील देशों को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले मुद्दे हैं। उन्होंने खनन, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित अन्य क्षेत्रों में सहायता करने के साथ-साथ स्वयं को आर्थिक साझेदार के रूप में स्थापित करने का भी प्रयास किया है। कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका की सराहना की, जिसने वैश्विक असमानता को रेखांकित करते हुए गरीब देशों की जरूरतों को प्राथमिकता देने वाले एक समावेशी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जी20 की अध्यक्षता अमेरिका को सौंपी है। अमेरिका ने जोहानिसबर्ग सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिसका उद्देश्य अमीर और विकासशील देशों को एक साथ लाना था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि दक्षिण अफ्रीका अपने अफ्रीकी श्वेत अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका में संपन्न जी20 सम्मेलन में सदस्य देशों के अलावा अफ्रीकी संघ, यूरोपीय संघ के अलावा जिम्बाब्वे, नामीबिया, जमैका और मलेशिया जैसे कई विकासशील देशों को भी बतौर अतिथि देश के तौर पर आमंत्रित किया गया था। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद ने प्रतिनिधियों से कहा, ''हम यहां निराशा की बात करने के लिए नहीं आए हैं, हम यहां संभावनाओं और साझा जिम्मेदारियों की बात करने आए हैं।'' अहमद ने कहा कि ऋण राहत को ऐसे निवेशों में बदलना होगा जिनसे लोगों को लाभ हो। उन्होंने कहा, ''इथियोपिया में, हमने सीखा है कि समावेशिता दान नहीं, बल्कि दक्षता है।'' नामीबिया की राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने विकासशील देशों के लिए उचित वित्तपोषण व्यवस्था का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके देश ने हाल में अपने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड का समय पर भुगतान किया है। नदैतवा ने कहा, ''हालांकि, निर्णयकर्ता हमें एक जोखिम भरा देश मानते हैं। हमें निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की ज़रूरत है।'' जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू माइकल होलनेस ने जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं और विकासशील देशों पर उनके प्रभाव का मुद्दा उठाया, जैसे कि तूफान मेलिसा, जिसने उनके देश को तबाह कर दिया था। उन्होंने कहा, ''एक बाहरी झटका वर्षों की प्रगति को नष्ट कर सकता है।'' विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशक एन. ओकोन्जो-इवेला ने रविवार को अफ्रीकी नेताओं से आग्रह किया कि



वे नीतियां अपनाते समय अन्य देशों के साथ भविष्य के व्यापार के बारे में सावधानी से सोचें। उन्होंने कहा, ''हम खुद को किस तरह स्थापित करते हैं, यह हम पर और हमारे नीति-निर्माताओं पर निर्भर करता है। इसलिए अगर हम निर्यात जारी रखते हैं और देखते हैं कि हमारे निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा वस्तुओं और कच्चे माल का है, तो हालात नहीं बदलेंगे।'' विचार संस्था ऑक्सफैम में आर्थिक और नस्लीय न्याय के निदेशक नबील अहमद ने कहा, ''हम उप-क्षेत्रीय और क्षेत्रीय मूल्य शृंखलाएं बनाकर कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक पहुंच सकते हैं।''

## जी20 में अमेरिका का भाग न लेना दुर्भाग्यपूर्ण : दक्षिण अफ्रीकी मंत्री

**जोहानिसबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका के व्यापार, उद्योग और प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स टॉ ने रविवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने इस सप्ताहांत जोहानिसबर्ग में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया, जिसमें विश्व व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। टॉ से जब पूछा गया कि अमेरिका के न आने से क्या वह नुकसान में रहेगा और वैश्विक व्यापार पर उसका प्रभाव कम होगा, तो उन्होंने कहा कि इसे जी20 के परिणामों के संदर्भ में आंका जाना चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन कहा, वैश्विक व्यापार, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से जुड़े मुद्दों, औद्योगिकीकरण, विकास के लिए वित्तपोषण और कर्ज जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। ये सभी मुद्दे पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन बैठकों में वह (अमेरिका) शामिल नहीं हुआ। मंत्री ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार को लेकर बातचीत जारी रहेगी। उन्होंने कहा, जी20 एक अलग प्रक्रिया है। बेशक, मैं यह न कह कर दिखावा नहीं कर सकता कि यह उन मुद्दों पर प्रभाव नहीं डालता जिन पर चर्चा हुई, लेकिन अब तक इसका कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा है।

## मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री से वार्ता की, व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की

**जोहानिसबग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां जी20 शिखर सम्मेलन से इतर अपने जापानी समकक्ष साने ताकाइची से मुलाकात की और नवाचार, रक्षा तथा प्रतिभा आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, ''जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ एक सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा आदान-प्रदान आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।'' दोनों नेताओं ने व्यापार संबंधों को प्रगाढ़ करने के तरीकों पर भी चर्चा की। मोदी ने कहा, ''हम (विभिन्न) देशों के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ाने को भी उत्सुक हैं। एक बेहतर ग्रह (धरती) के लिए भारत-जापान के बीच मजबूत साझेदारी महत्वपूर्ण है।''विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, दोनों नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के महत्व को दोहराया, जो ''सभ्यतागत संपर्क, साझा मूल्यों, पारस्परिक सद्भावना और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता'' पर आधारित है। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक



शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए भारत-जापान साझेदारी को प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। विज्ञप्ति के मुताबिक, मोदी और ताकाइची ने 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में हुई निरंतर प्रगति को स्वीकार किया और रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, एसएमई, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अहम खनिजों, सेमीकंडक्टर, बुनियादी ढांचे के विकास, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार तथा लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में बनी सहमति को शीघ्र क्रियान्वयित करने का आह्वान किया। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने रणनीतिक क्षेत्रों में भारत और जापान के बीच सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधानमंत्री ताकाइची ने फरवरी 2026 में भारत द्वारा आयोजित किये जाने वाले एआई शिखर सम्मेलन के लिए भी मजबूत समर्थन व्यक्त किया। अक्टूबर में जापान का नेतृत्व संभालने के बाद ताकाइची और प्रधानमंत्री मोदी के बीच यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल अगस्त में जापान की यात्रा की थी। उनकी यात्रा के दौरान, भारत और जापान ने 13 प्रमुख समझौतों और घोषणाओं को अंतिम रूप दिया तथा कई परिवर्तनकारी पहलों की शुरुआत का ऐलान किया।

## प्रधानमंत्री मोदी और मेलोनी ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की



**जोहानिसबर्ग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से यहां मुलाकात की और दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष, रक्षा और सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। जोहानिसबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर हुई इस बैठक के दौरान, मोदी और मेलोनी ने आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए भारत-इटली संयुक्त पहल को अपनाया, जो आतंकवाद से लड़ने के उनके साझा संकल्प को दोहराता है। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है, जिससे हमारे देशों के लोगों को बहुत लाभ हो रहा है।''

# प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर कनाडाई समकक्ष के साथ बातचीत की




**जोहानिसबर्ग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जोहानिसबर्ग में अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेता व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने के अलावा रक्षा तथा अंतरिक्ष क्षेत्रों में गहन सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर सहमत हुए। जी20 शिखर सम्मेलन से इतर कार्नी से मुलाकात के बाद मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ बहुत ही उपयोगी बातचीत हुई। यह मोदी और कार्नी की दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले, दोनों नेता जून में कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। मोदी ने कहा, हमने कनाडा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई हमारी पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों को मिली उल्लेखनीय गति की सराहना की। हम आने वाले महीनों में, खास तौर पर व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अपने संबंधों को और आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि भारत और कनाडा के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को मजबूत करने की काफी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमने साल 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कनाडाई पेंशन फंड भी भारतीय कंपनियों में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 30 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया था। भारत उस साल कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापार साझेदार बनकर उभरा था। मोदी ने कहा कि दोनों देश रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में गहन सहयोग की संभावनाएं तलाशने तथा निकट भविष्य में फिर से मिलने पर भी सहमत हुए।

## मोदी ने द. अफ्रीका के राष्ट्रपति से बातचीत की, व्यापार और महत्वपूर्ण खनिज में सहयोग पर चर्चा की



**जोहानिसबर्ग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, खनन, महत्वपूर्ण खनिज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और खाद्य सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ एक अच्छी और उपयोगी बैठक की। उन्होंने कहा कि बातचीत व्यापार, निवेश, खनन, महत्वपूर्ण खनिज, एआई, डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत ढांचा, कौशल विकास और खाद्य सुरक्षा में और सहयोग पर केंद्रित रही। जायसवाल ने कहा, दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ाने के लिए युवा प्रतिनिधिमंडल के आदान - प्रदान शुरू करने पर चर्चा की।''

# राष्ट्रपति पुतिन की आगामी भारत यात्रा बहुत सार्थक होगी : रूस



**मॉस्का :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आगामी भारत यात्रा ''बहुत भव्य'' और ''सार्थक'' होगी। रूसी सरकारी टीवी ने रविवार को क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव के हवाले से अपनी खबर में यह जानकारी दी। वीजीटीआरके रूसी सरकारी टीवी के क्रेमलिन संवाददाता पावेल जारुबिन को दिए एक साक्षात्कार में उशाकोव ने कहा, ''हम और भारतीय पक्ष इस यात्रा की सक्रियता से तैयारी कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि यह हर लिहाज से सार्थक होगी। यह एक बेहद भव्य (यात्रा) होगी क्योंकि इसे राजकीय यात्रा भी कहा जा रहा है।'' उशाकोव ने कहा, ''यह यात्रा भारत के प्रधानमंत्री और रूसी राष्ट्रपति के बीच हुए समझौते को अमल में लाने का मौका प्रदान करती है कि वे द्विपक्षीय मामलों और वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा के लिए प्रतिवर्ष मिलेंगे।'' उन्होंने कहा कि यात्रा का समय करीब आने पर नयी दिल्ली और मॉस्को में तारीखों की घोषणा एक साथ की जाएगी। पिछले सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत करते हुए रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि पुतिन की नयी दिल्ली यात्रा तीन सप्ताह में होगी। सूत्रों ने बताया कि 23वां भारत-रूस शिखर सम्मेलन पांच दिसंबर को होगा।

## नेपाल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट पर सट्टा लगाने के आरोप में काठमांडू में आठ भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू :** नेपाल पुलिस ने रविवार को काठमांडू में चल रहे नेपाल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट पर कथित तौर पर सट्टा लगाने के आरोप में आठ भारतीयों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि भारतीय नागरिकों को त्रिभुवन विश्वविद्यालय स्टेडियम में खेले जा रहे नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) मैचों पर सट्टा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं और उनकी उम्र 19 से 35 वर्ष के बीच है। उन्हें समाखुसी से पकड़ा गया, जहां उन्होंने एक मकान किराये पर लिया था। काठमांडू घाटी अपराध जांच कार्यालय के प्रवक्ता एवं पुलिस अधीक्षक काजी कुमार आचार्य ने कहा कि यह समूह 17 नवंबर से 13 दिसंबर तक चलने वाले टूर्नामेंट पर अनुमानित 500,000 नेपाली रुपये (लगभग 3,00,000 भारतीय रुपये) के अवैध सट्टेबाजी में संलिप्त था।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए पत्र भेजा

ढाका : बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत को एक आधिकारिक पत्र भेजकर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। एक वरिष्ठ सलाहकार ने रविवार को यह जानकारी दी। हसीना को बांग्लादेश के विशेष न्यायाधिकरण ने मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन के हवाले से बताया, यह पत्र शुक्रवार को भेजा गया। हालांकि उन्होंने इस बारे में और ज्यादा विवरण नहीं दिया। विदेश मंत्रालय के एक आधिकारिक सूत्र का हवाला देते हुए एजेंसी ने कहा कि आधिकारिक राजनयिक पत्र नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के माध्यम से भेजा गया।

## नेपाल में पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के लिए कुल 56 दलों का पंजीकरण किया गया

**काठमांडू :** नेपाल में अगले साल पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के लिए नेपाली कांग्रेस समेत 12 राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग में पंजीकरण कराया, जिसके साथ ही पंजीकृत दलों की कुल संख्या बढ़कर 56 हो गई। राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन आयोग में पंजीकरण कराने के लिए अंतिम तिथि 26 नवंबर है। आयोग के प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टराई ने कहा कि प्रतिनिधि सभा के चुनाव के लिए रविवार को 12 और दलों के पंजीकरण कराने के साथ ही पंजीकृत पार्टियों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है। प्रवक्ता ने कहा कि आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद दर्जनों नए राजनीतिक दलों के उभरने के बाद आयोग में पंजीकृत दलों की संख्या 132 हो गई है।

## झारखंड के हजारीबाग में 70 लाख रुपये की अवैध विदेशी शराब जब्त, आठ गिरफ्तार

**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक घर से करीब 70 लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब जब्त की गयी और आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार रात चौपारण थाना क्षेत्र के तारडीह गांव में एक घर पर छापेमारी की गई। यहां बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जमा होने की सूचना मिली थी। बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजय कुमार बिमल ने बताया, पुलिस ने कुमार चंदन के घर पर छापा मारा और 70 लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब जब्त की। इस सिलसिले में मकान मालिक समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह कई छोटे वाहनों के जरिए बिहार में शराब की तस्करी करने की योजना बना रहा था। एसडीपीओ ने बताया कि आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत चौपारण थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## बिहार: तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत, अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**पटना:** बिहार के सारण जिले में तालाब में तीन बच्चों की डूबने से मौत के मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार को एकमा थाना क्षेत्र के धनौती गांव में उस समय हुई, जब बच्चे तालाब के पास खेल रहे थे। तीनों बच्चे एक दूसरे के दूर के रिश्तेदार थे। एकमा थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ग्रामीणों के अनुसार, बच्चे अचानक फिसलकर पानी में गिर गए और डूब गए...बाद में शवों को बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान उज्ज्वल कुमार, तान्या कुमारी और सोनू कुमारी के रूप में हुई। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने तीनों बच्चों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने तीनों बच्चों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की।

## झारखंड के लातेहार में पैंगोलिन के चार किलो से अधिक शल्क और बंदूक बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार


**लातेहार:** वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) और पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की एक संयुक्त टीम ने झारखंड के लातेहार में वन्यजीव तस्करी के खिलाफ अभियान के दौरान एक महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत टीम ने पिछले दो दिनों में महुआडांड़ और गारू थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेश कांत जेना ने कहा, 'हमने तीन देसी बंदूक, पैंगोलिन के 4.3 किलो शल्क, वन्यजीवों की हड्डियों का चूर्ण और मोर के पैर जब्त किए हैं। इस अभियान में किसी महिला तस्कर की पहली गिरफ्तारी हुई है। उसके घर से बंदूकें बरामद की गईं।' गिरफ्तार किए गए सभी लोगों पर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है। शुक्रवार को पलामू के मेदिनीनगर में 10.5 किलोग्राम पैंगोलिन शल्क के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## कैंसर की दवाओं की तस्करी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार : 19 लाख रुपये की दवाएं जब्त

**गाजियाबाद (उप्र):** गाजियाबाद पुलिस ने केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के तहत आपूर्ति के लिये लायी गयी कैंसर की दवाओं को चोरी करके उन्हें गैर-कानूनी तरीके से बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) पीयूष कुमार सिंह ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने विश्वास त्यागी (35), प्रिंस त्यागी (28) और आकाश शर्मा (34) को सीजीएचएस के तहत आपूर्ति के लिये दिल्ली ले जायी जा रही कैंसर की दवाओं को चोरी करके उन्हें महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वे सरकारी दवाखानों से चोरी की गयी कैंसर की दवाओं को 'सीजीएचएस के लिए सप्लाई, बिक्री के लिए नहीं' की मुहर मिटाकर बेच रहे थे। यहां तक कि वे एक्सपायर हो चुकी दवाओं की भी धोखाधड़ी करके बिक्री कर रहे थे।

# युद्ध का मैदान भी हमारे लिए 'धर्मक्षेत्र', जहां धर्म व कर्तव्य होगा वहीं जय होनी है: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि युद्ध का मैदान भी हमारे लिए ''धर्मक्षेत्र'' है और जहां धर्म व कर्तव्य होगा, वहीं जय होनी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत की उपस्थिति में रविवार को यहां जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित 'दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव' को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'पूरे भारत को हमने धर्मक्षेत्र माना, इसलिए युद्ध का मैदान भी हमारे लिए धर्मक्षेत्र ही है।' उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस के लिए कोई देश या संगठन आर्थिक मदद नहीं करता है, यह केवल सामाजिक सहयोग से चलता है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''कर्तव्यों से जुड़ा क्षेत्र है और धर्मक्षेत्र में जो युद्ध लड़ा जा रहा है, वह कर्तव्यों के लिए लड़ा जा रहा है। यही भाव सामने आता है तो अंत में परिणाम यह होता है कि जहां धर्म और कर्तव्य होगा, वहीं विजय होगी, इससे इतर कुछ नहीं हो सकता।'' योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'किसी को गुरुर नहीं पालना चाहिए कि अधर्म के मार्ग पर चलकर विजय प्राप्त हो जाएगी। यह भारत के सनातन धर्म की परंपरा है कि प्रकृति का अटूट नियम है, सदैव से यही होता आया है। इसलिए हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'दुनिया के अंदर कोई जगह नहीं होगी, जहां युद्ध का मैदान धर्मक्षेत्र के रूप में जाना जाता हो, लेकिन हमारे यहां हर कर्तव्य को पवित्र भाव से माना गया है'' मुख्यमंत्री ने नसीहत देते हुए कहा, 'अच्छा करेंगे तो पुण्य के भागीदार बनेंगे और बुरा करेंगे तो पाप के भागीदार बनेंगे। ऐसा जब हर धर्मावलंबी सोचता है तो वह अच्छा करने का प्रयास करता है।' योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'भारत ने विश्व मानवता को प्राचीन काल से संदेश दिया है। हमने कभी यह नहीं कहा कि हम जो कह रहे वही सही है, हमारी ही उपासना विधि सर्वोत्तम है। हमने सब कुछ होते हुए भी कभी अपनी श्रेष्ठता का डंका नहीं पीटा।' उन्होंने कहा, 'जो आया उसे शरण दिया, जिसके ऊपर विपत्ति आई, उसके साथ खड़े हो गए। 'जियो और जीने दो' की प्रेरणा किसी ने दी है तो वह भारत की भूमि ने दी है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की प्रेरणा भी भारत की धरती ने ही दी है।' योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''श्रीमद्भगवदगीता नयी प्रेरणा देती है, यह धर्म से शुरू होती है और अंत में भी उसी मर्म के साथ विराम लेती है। श्रीमद्भगवदगीता धर्म की वास्तविक प्रेरणा है। भारत की मनीषा ने धर्म को कर्तव्य के साथ जोड़कर देखा है। उन्होंने कहा, हमने धर्म को केवल उपासना की विधि नहीं माना है। उपासना विधि उसका छोटा सा हिस्सा है। हर व्यक्ति अपने पंथ, संप्रदाय और उपासना विधि के अनुसार आस्था तय करता है, लेकिन मुख्य रूप से धर्म हमारे यहां जीवन जीने की कला है। हमने इसे 'वे ऑफ लाइफ' के रूप में कहा है। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत को निष्काम कर्म का प्रेरणा स्रोत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, आरएसएस शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम से जुड़ रहा है।



## अयोध्या में धर्म-ध्वजा की पुनर्स्थापना से सुख-समृद्धि के नये युग के आरंभ की कामना करता हूं: योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि मेरी यही कामना है कि अयोध्या में धर्म-ध्वजा की पुनर्स्थापना से प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि के नये युग का आरंभ हो। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय प्रदेश वासियों, 25 नवंबर, 2025 को श्री अयोध्या धाम का नाम पुनः इतिहास के पृष्ठ पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होगा।' उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में श्री अयोध्या धाम में हो रहा हर कार्य प्रभु श्री राम के जीवन मूल्यों से प्रेरित है।' पोस्ट में उन्होंने कहा, 'मेरी यही कामना है कि धर्म-ध्वजा की पुनर्स्थापना से प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि के नये युग का आरंभ हो। जय श्री राम।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 नवंबर को अयोध्या में एक भव्य समारोह में धर्म ध्वजा की स्थापना होगी। इसी पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित एक पत्र साझा किया और कहा, 'धर्म ध्वजा की पुनर्स्थापना से अयोध्या वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र का स्वरूप लेगी।



अयोध्या : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम के तीसरे दिन वैदिक आचार्यों ने की गणपति पूजा, पंचांग पूजा और षोडश मातृका पूजा



पटना : तारापुर पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य स्वागत 45,843 वोटों से जीत के बाद समर्थकों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत

## सांप्रदायिकता को दूर रखें, तो नीतीश का साथ देगी एआईएमआईएम : ओवैसी



**पटना:** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वादा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगर मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र के साथ न्याय करें और सांप्रदायिकता को दूर रखें, तो उनकी पार्टी बिहार में राजग सरकार को पूर्ण सहयोग देगी। हैदराबाद के सांसद ने सीमांचल के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान यह टिप्पणी की। सीमांचल बिहार का पूर्वोत्तर क्षेत्र है, जहां से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच उम्मीदवारों ने हाल के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की है। ओवैसी ने कहा, हम पटना में बनी नई सरकार को शुभकामनाएं देते हैं। हम पूरा सहयोग देने का वादा भी कर सकते हैं, बशर्ते वह सीमांचल क्षेत्र के साथ न्याय करे और सांप्रदायिकता को भी दूर रखे। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सबसे बड़ी साझेदार भाजपा आरोप लगाती रही है कि सीमांचल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हो रही है, जिससे क्षेत्र में जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा हो रहा है। ओवैसी ने कहा, एआईएमआईएम सिर्फ मुसलमानों के लिए ही नहीं, बल्कि सीमांचल में रहने वाले सभी लोगों के लिए लड़ती रही है, जहां दलितों और आदिवासियों की भी अच्छी आबादी है। हम उम्मीद करते हैं कि नई सरकार इस उपेक्षित क्षेत्र पर ध्यान देगी और पटना और राजगीर तक ही

## अगला नंबर 'ममता दीदी' और फिर सपा बहादुर अखिलेश यादव का है: केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग पर साजिश रचने का आरोप लगाने के एक दिन बाद रविवार को संकेत दिया कि अगले चुनावों में पश्चिम बंगाल और फिर उत्तर प्रदेश में महागठबंधन को पराजय का सामना करना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर एक पोस्ट में कहा, बिहार चुनाव के दरम्यान खुद गोता लगाने के साथ श्री राहुल गांधी ने श्री तेजस्वी यादव को लपेटे में लेकर महागठबंधन का भविष्य भी लिख दिया। बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह प्रभारी रहे मौर्य ने पोस्ट में लिखा, अगला नंबर ममता दीदी जी (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) और फिर सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव का है। बिहार



विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने दो तिहाई बहुमत से जीत हासिल की और इंडिया गठबंधन के दलों को बहुत पीछे धकेल दिया। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और निर्वाचन आयोग मिलकर साजिश के तहत उन विधानसभा क्षेत्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बहाने 50 हजार से अधिक वोट काटने की तैयारी कर रहे हैं, जहां 2024 में लोकसभा चुनाव में सपा और 'इंडिया' गठबंधन ने जीत हासिल की थी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा था, ''निर्वाचन आयोग से हम अपेक्षा करते हैं कि वह निष्पक्ष रहेगा और यह संस्था हमारी हर शिकायत का निराकरण करेगी, लेकिन यह सुनने में आ रहा है कि भाजपा और आयोग 2024 की हार के बाद सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल और उप्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' यादव ने दावा किया कि यह जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भाजपा ने निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर बड़ी 'तैयारी' की है।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक बच्ची सहित चार लोगों की मौत




**सरायकेला:** झारखंड में रविवार को दो अलग-अलग दुर्घटना में बजरी लदे डम्पर के पलट जाने से एक बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सरायकेला-खरसावां जिले के कांदरा थाना क्षेत्र में रविवार तड़के बजरी लदा एक डम्पर के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जो एक मकान से जा टकराया। इस घटना में 30 वर्षीय एक व्यक्ति और उसकी बेटी की मौत हो गई। कांदरा थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने बताया कि यह घटना पोलीबेड़ा गांव में उस समय हुई, जब बीरबल मुर्मू और उनकी बेटी अनुश्री सो रहे थे। इस घटना में उनकी पत्नी को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि गढ़वा जिले में इसी तरह की एक घटना में रांका-रामकंडा रोड पर सुबह बजरी लदा एक डम्पर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। उसने बताया कि मृतकों की पहचान मानपुर गांव के राजू कुमार रवि (22) और 21 वर्षीय अनिल कुमार रवि के रूप में हुई है।

### हालात अपने अनुकूल होते ही नीतीश को मुख्यमंत्री पद से हटा देगी भाजपा : सपा विधायक

**बलिया (उप्र):** बलिया की फेफना सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक संग्राम सिंह यादव ने रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार को 'झुनझुना' देते हुए उन्हें बिहार का मुख्यमंत्री तो बना दिया है मगर वह धीरे-धीरे उनके 'पर कतरेगी' और हालात अनुकूल होते ही उन्हें पद से हटा देगी। यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अगर गत लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का दो-तिहाई बहुमत होता तो नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनाये जाते। उन्होंने भाजपा नेता सम्राट चौधरी को बिहार का नया गृह मंत्री बनाये जाने का जिक्र करते हुए कहा, ''मुख्यमंत्री के नियंत्रण से अगर गृह विभाग को निकाल दिया जाए तो समझो उसका एक हाथ ही कट गया। भाजपा ने नीतीश कुमार को झुनझुना थमा दिया है। धीरे-धीरे उनके पर कतरे जाएंगे और भाजपा जब स्थितियां अनुकूल कर लेगी, उसी दिन नीतीश कुमार की छुट्टी कर दी जाएगी।'

### भदोही में नाबालिग के अपहरण के आरोपी का शव तालाब में मिला, पुलिस ने जांच शुरू की

**भदोही (उप्र):** भदोही जिले के एक तालाब से नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार को बरामद किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि ज्ञानपुर थाने में तैनात होमगार्ड संजय यादव के बेटे सूर्यभान यादव का शव रविवार सुबह ज्ञानपुर कोतवाली अंतर्गत चकवा महावीर के पास एक तालाब से गोताखोरों की मदद से निकाला गया। शनिवार देर रात तालाब के पास उसकी पतलून, बेल्ट, आधार कार्ड और पांच पन्नों का एक सुसाइड नोट मिला। अधिकारी ने बताया कि एक महिला ने बीती 27 अक्टूबर को उसकी बेटी का अपहरण करने के आरोप में सूर्यभान यादव के खिलाफ एक नवंबर को मामला दर्ज कराया था। लड़की और आरोपी को 19 नवंबर को बरामद कर लिया गया था। नाबालिग की मेडिकल जांच और प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के बाद उसे 'वन स्टॉप सेंटर' में रखा गया। एसपी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया था और वह कथित तौर पर हवालात से चला गया था। हालांकि इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं कि वह हवालात से खुद भागा था या पुलिस ने उसे छोड़ा था। यादव के पिता ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि उन्होंने खुद अपने बेटे और लड़की को अधिकारियों को सौंप दिया था। उन्होंने आरोप लगाया, अगर वह 19 नवंबर से हवालात में था, तो उसका शव तालाब में कैसे पहुंचा? पुलिस ज़िम्मेदार है। एसपी ने कहा कि घटनास्थल से बरामद सुसाइड नोट में लड़की के परिवार पर सूर्यभान यादव को फंसाने का आरोप लगाया गया है और दावा किया गया है कि नाबालिग ने धमकी दी थी कि अगर उसने उसके साथ रहने से इनकार किया तो वह आत्महत्या कर लेगी।

### लखनऊ में ई-रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर, दो लोगों की मौत, चार घायल

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में रविवार को एक ट्रक की टक्कर लगने से ई-रिक्शा में सवार आठ साल के लड़के समेत दो लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि अपराह्न करीब ढाई बजे ई-रिक्शा चालक शनि (38) अपनी रिश्तेदार गुड़िया (40) और उसके तीन बच्चों जाह्नवी (12), मानवी (10) और वंश (आठ) के साथ उन्नाव जिले के नवलगंज महाराजपुर में एक शादी में शामिल होने के बाद दुबग्गा इलाके के जमालनगर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि जैसे ही गाड़ी इब्राहीमगंज और रानीखेड़ा के बीच पहुंची तभी लखनऊ की तरफ से मोहान रोड की तरफ आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पलट गया और उस पर सवार सभी लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां शनि और वंश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि टक्कर मारने वाले ट्रक के चालक मनवीर को हिरासत में लेकर उसके वाहन को जब्त कर लिया गया है।

# झारखंड: दुमका में दंपति, दो बच्चे घर में मृत मिले



**दुमका:** झारखंड के दुमका जिले में रविवार सुबह एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और उनके दो बच्चे घर में मृत मिले। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह घटना हंसडीहा पुलिस थानाक्षेत्र के बरदाही गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान वीरेंद्र मांझी (30), उनकी पत्नी आरती कुमारी (26), उनकी बेटी रूही कुमारी (4) और बेटे विराज कुमार (2) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) पीतांबर सिंह खेरवार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि जांच में पता चला है कि व्यक्ति और उसकी पत्नी के बीच कुछ बातों को लेकर झगड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की पत्नी सात महीने अपने मायके रहने के बाद शुक्रवार को अपने घर लौटी थी। खेरवार ने कहा कि उनकी बेटी भी लंबे समय से बीमार थी और उसका इलाज जारी था। अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात दंपति के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और दोनों बच्चों की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर खुद भी फंदा लगा लिया। एक फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) टीम को मौके पर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि परिवार के अन्य सदस्यों के बयान के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। हंसडीहा पुलिस थाने के प्रभारी ताराचंद ने बताया कि महिला और दो बच्चों के शव घर के अंदर मिले, जबकि व्यक्ति का शव घर के पास एक पेड़ से लटका मिला। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, दुमका भेजा गया है।

## बदायूं में 'आसमान से गिरा' बर्फ का बड़ा टुकड़ा, बाल-बाल बचे मजदूर



**बदायूं (उप्र):** बदायूं जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव में ईंट भट्टे पर आसमान से बर्फ का एक बड़ा टुकड़ा गिरा, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर बाल बाल बच गए। बिल्सी के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) प्रेमपाल सिंह ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पुलिस की एक टीम मौके पर भेजी गई थी। उन्होंने कहा, हमें जानकारी मिली कि दीननगर शेखपुर गांव में ईंट भट्टे पर बर्फ का एक बड़ा टुकड़ा गिरा है। एसडीएम ने कहा, ''किसी के घायल होने की खबर नहीं है और बर्फ के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह करीब 9:30 बजे हुई, जिसमें वहां काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए। चश्मदीद सोमेंद्र यादव ने बताया कि बर्फ का टुकड़ा एक बड़े पत्थर जितना बड़ा लग रहा था जो गिरते ही बिखर गया। उन्होंने कहा, मज़दूर और उनके परिवार वाले पास में ही मौजूद थे। शुक्र है, किसी को चोट नहीं आई। एक और मज़दूर, वीर सिंह ने कहा कि वह ईंटें जमा कर रहे थे, तभी अचानक बर्फ का टुकड़ा नीचे गिरा। सिंह ने कहा, इसका वजन लगभग 50 किलोग्राम रहा होगा। अगर यह थोड़ा और पास गिरता, तो किसी को गंभीर चोट लग सकती थी।

# बिहार सरकार 'सनातन धर्म' को बढ़ावा देने के लिए सभी 38 जिलों में संयोजक नियुक्त करेगी

**पटना:** बिहार सरकार की पंजीकृत मंदिरों और मठों की गतिविधियों की निगरानी करने वाली एक परिषद ने राज्य भर में 'सनातन धर्म' के प्रचार-प्रसार के लिए सभी जिलों में संयोजकों को नामित करने का निर्णय लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद (बीएसअरटीसी) द्वारा 38 संयोजकों को नामित किया जाएगा, जो अपने-अपने क्षेत्रों में सभी पंजीकृत मंदिरों और मठों के मुख्य पुजारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। परिषद में कुल 2,499 मंदिर और मठ पंजीकृत हैं। परिषद के अध्यक्ष रणबीर नंदन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, परिषद ने राज्य भर के पंजीकृत मंदिरों और मठों के साथ समन्वय कर 'सनातन धर्म' के प्रचार-प्रसार के लिए सभी जिलों में संयोजकों को नामित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में एक संयोजक के चयन की प्रक्रिया एक-दो दिन में शुरू हो जाएगी और संयोजकों का चयन केवल महंतों (मुख्य पुजारियों) में से ही किया जाएगा। बिहार सरकार के विधि विभाग के अंतर्गत आने वाली यह परिषद राज्य में पंजीकृत मंदिरों, मठों और न्यासों की संपत्ति का रिकॉर्ड रखती है तथा उनकी गतिविधियों की निगरानी भी करती है। उन्होंने कहा, संयोजक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके संबंधित जिलों के सभी पंजीकृत मंदिर व मठ हर महीने क्रमशः पूर्णिमा और अमावस्या के दिन 'सत्यनारायण कथा' और 'भगवती पूजा' करें। वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी पंजीकृत मंदिर और मठ इन दोनों पूजाओं के महत्व के बारे में जनता के बीच संदेश फैलाएं। नंदन ने कहा कि लोगों को हर महीने अपने घरों में ये पूजाएं करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, संयोजक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी पंजीकृत धार्मिक स्थल 'अखाड़ों' के लिए संस्कृति का अभ्यास करने के लिए एक समर्पित स्थान बनाएं। परिषद के अध्यक्ष ने कहा, हमारा मानना है कि मंदिरों व मठों को सामाजिक गतिविधियां और सामाजिक सुधार के उपाय भी करने चाहिए। हमारे त्योहारों, विभिन्न पूजा, मूल्यों और सनातन धर्म के महत्व को प्रचारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ये त्योहार 'सद्भाव, भक्ति और सामुदायिक भागीदारी की जीवंत अभिव्यक्ति' हैं।



## पीलीभीत में दहेज न देने पर विवाहिता को दिया 'तीन तलाक', पति सहित सात लोगों पर मुकदमा

**पीलीभीत (उप्र):** पीलीभीत जिले के सुनगढ़ी इलाके में एक विवाहिता को कथित रूप से दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर 'तीन तलाक' दिये जाने के आरोप में उसके पति सहित सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि ईदगाह कांशीराम कॉलोनी निवासी मुस्कान का निकाह तीन साल पहले कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना निवासी आसिफ से हुआ था और उनकी एक बेटी भी है। तहरीर के अनुसार, बेटी के जन्म के बाद से ही पति आसिफ, सास अफरोज जहां, जेठ दानिश, जेठानी अलीशा, निक्की और फहीम ने मुस्कान से दहेज में मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की मांग शुरू कर दी थी। अधिकारियों के मुताबिक, मुस्कार का आरोप है कि दहेज देने से मना करने पर ससुराल के लोग उसके साथ मारपीट करते थे और एक बार उसे कमरे में बंद करके डंडे से भी पीटा गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कांग्रेस के मुंबई निकाय चुनाव अकेले लड़ने के फैसले से शिवसेना (उबाठा) में खलबली

**मुंबई :** राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि अपने सहयोगी दल शिवसेना (उबाठा) की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ बढ़ती नजदीकियों के कारण बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने का कांग्रेस का कदम उत्तर भारतीय और मुस्लिम मतदाताओं को बचाने की उसकी चिंता से उपजा है, लेकिन इसने महा विकास आघाडी (एमवीए) में वैचारिक मतभेदों को भी उजागर कर दिया है। इस कदम से महाराष्ट्र में कांग्रेस के भीतर भी आंतरिक मतभेद सामने आ गए, जहां नेताओं का एक वर्ग क्षेत्रीय राजनीतिक गतिशीलता के आधार पर चुनिंदा स्थानीय निकायों में राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के साथ गठबंधन करने के पक्ष में था, जबकि अन्य ने ऐसे किसी भी सहयोग का विरोध किया। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) ने कांग्रेस से स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की अपील की है, वहीं मुंबई कांग्रेस इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ अकेले चुनाव लड़ने पर अडिग हैं।

### गुरु तेग बहादुर की वीरता और नि:स्वार्थ सेवा सभी के लिए प्रेरणा स्रोत: राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनकी वीरता, बलिदान और नि:स्वार्थ सेवा सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। मुर्मू ने एक संदेश में कहा कि गुरु तेग बहादुर ने धर्म, मानवता और सत्य के आदर्शों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। राष्ट्रपति ने कहा, ''उनकी वीरता, बलिदान और नि:स्वार्थ सेवा सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके उपदेश हमें दृढ़ संकल्प और साहस के साथ न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। आइए हम उनके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं और अपने देश में सद्भाव और एकता को मजबूत करने के लिए काम करें।'' उन्होंने कहा, ''मैं गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।''

### छत्तीसगढ़ में शराब और डीएमएफ 'घोटालों' की जांच के तहत 19 जगहों पर छापेमारी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो/आर्थिक अपराध शाखा ने रविवार को पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान सामने आए शराब और जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) 'घोटालों' के संबंध में 19 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एसीबी/ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने बताया कि शराब 'घोटाला' मामले में आठ जगहों पर तलाशी ली गई, जिनमें बिलासपुर जिले में चार, रायपुर में दो और दुर्ग व बस्तर में एक-एक जगह शामिल है। उन्होंने बताया कि ये परिसर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारियों - अनिल टुटेजा और निरंजन दास के रिश्तेदारों से जुड़े हैं, जिन्हें कथित शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने बताया, ''इसी तरह, डीएमएफ मामले में 11 जगहों पर तलाशी ली गई, जिनमें रायपुर जिले में चार, बिलासपुर और सरगुजा में दो-दो, तथा कोंडागांव, बलरामपुर और धमतरी में एक-एक जगह शामिल है। ये परिसर हरपाल सिंह अरोड़ा, ठेकेदारों और उनसे जुड़े लोगों से संबंधित हैं।''

### अमेरिका का वीजा आवेदन अस्वीकार होने के बाद महिला चिकित्सक ने आत्महत्या की

**अमरावती/हैदराबाद :** आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले की रहने वाली 38-वर्षीय एक महिला चिकित्सक ने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने से अवसाद में आकर हैदराबाद स्थित अपने फ्लैट में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार को उस वक्त सामने आई जब शहर के दूसरे इलाके में रहने वाले उसके परिवार के सदस्यों ने दरवाजा खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा तोड़ा और उसे मृत पाया।

# सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल जांच: सोशल मीडिया के जरिये 2019 में डॉक्टरों का कट्टरपंथ की ओर झुकाव हुआ

**नयी दिल्ली :** लाल किले के पास 10 नवंबर को चलती कार में हुए बम विस्फोट के साथ सामने आए 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉक्टरों का कट्टरपंथ की ओर झुकाव 2019 से ही सोशल मीडिया मंच के जरिये शुरू हो गया था। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अब तक की जांच से सीमा पार आतंकवाद की रणनीति में ऐसे बदलाव का संकेत मिला है, जो काफी चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि इस रणनीति के तहत पाकिस्तान और दुनिया के अन्य हिस्सों में बैठे आतंकी आकाओं द्वारा उच्च शिक्षित



पेशेवरों को पूरी तरह से डिजिटल माध्यमों का सहारा लेकर आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों, जिनमें डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राठेर, डॉ. मुजफ्फर राठेर और डॉ. उमर-उन-नबी शामिल थे, को शुरू में सीमा पार के आकाओं ने फेसबुक और 'एक्स' जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय पाया था। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों को तुरंत 'टेलीग्राम' पर निजी ग्रुप में जोड़ा गया और यहीं से उन्हें बरगलाना शुरू किया गया। आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों ने हमलों को अंजाम देने के लिए संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बनाने का तरीका सीखने के लिए यूट्यूब का भी खूब इस्तेमाल किया। पूछताछ के दौरान विश्लेषण किए गए 'डिजिटल फुटप्रिंट' से पता चला कि इनके मुख्य संचालक 'उकासा', 'फैजान' और 'हाशमी' हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये तीनों भारत के बाहर से अपनी गतिविधियां चला रहे थे और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी नेटवर्क से जुड़ी जानकारियों में अक्सर इनके नाम सामने आते हैं।

## अल-फलाह विवि से जुड़े मदनी के बयान पर विवाद, भाजपा बोली- आतंकी बचाओ जमात सक्रिय हुई



**नयी दिल्ली :** दिल्ली विस्फोट मामले से जुड़े अल फलाह विश्वविद्यालय का जिक्र करके मुसलमानों के साथ भेदभाव का आरोप लगाने से संबंधित जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख अरशद मदनी के बयान पर विवाद पैदा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मदनी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि आतंकी बचाओ जमात सक्रिय हो गई है। मदनी ने दावा किया कि जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क का मेयर जबकि एक खान लंदन का मेयर चुना जा सकता है, लेकिन भारत में कोई मुसलमान विश्वविद्यालय का कुलपति नहीं बन सकता। उन्होंने शनिवार को यहां जमीयत मुख्यालय में एक पत्र में कहा, दुनिया सोचती है कि मुसलमान अपाहिज और खत्म हो गए हैं। मैं ऐसा नहीं मानता। आज, एक मुसलमान ममदानी, न्यूयॉर्क का मेयर बन सकता है, एक खान लंदन का मेयर बन सकता है; जबकि भारत में, कोई भी विश्वविद्यालय का कुलपति भी नहीं बन सकता। मदनी ने कहा, और अगर कोई ऐसा करता भी है, तो उसे जेल भेज दिया जाएगा, जैसे आजम खान। देखिए आज अल फलाह के साथ क्या हो रहा है। वह (संस्थापक) जेल में है, और कोई नहीं जानता कि वह कितने साल जेल में रहेंगे। जमीयत के दो गुटों में से एक के प्रमुख मदनी ने आरोप लगाया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि मुसलमान कभी सिर न उठाएं। भाजपा नेताओं ने इस बात के लिए मदनी की आलोचना की और उन पर दिल्ली विस्फोट की जांच को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, वोट बैंक के नाम पर, 'तुष्टिकरण के भाईजान' और 'आतंकी बचाओ जमात' सक्रिय हो गई है। उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा, अरशद मदनी जी, मेयर की बात छोड़िए; इस देश ने मुसलमानों को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान न्यायाधीश, गृह मंत्री बनते देखा है। सबसे बड़े कलाकार और उद्योगपति भी मुस्लिम रहे हैं।

## संसद के शीतकालीन सत्र में नहीं लाया जाएगा चंडीगढ़ विधेयक : गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को कहा कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में केंद्र के लिए 'कानून निर्माण की प्रक्रिया को सरल' बनाने वाले चंडीगढ़ संबंधी प्रस्तावित विधेयक को लाने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। मंत्रालय ने साथ ही जोर देकर कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य चंडीगढ़ और पंजाब एवं हरियाणा के बीच पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना नहीं है। लोकसभा और राज्यसभा के बुलेटिन में एक दिसंबर से शुरू होने वाले आगामी सत्र के लिए 10 विधेयकों की अनंतिम सूची में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2025 को शामिल किए जाने के एक दिन बाद सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया। चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के दायरे में लाने संबंधी प्रस्ताव वाले इस विधेयक पर पंजाब के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को केंद्र शासित प्रदेश के लिए नियम बनाने और सीधे कानून बनाने का अधिकार देता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चंडीगढ़ के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी हितधारकों के साथ पर्याप्त परामर्श के बाद ही कोई उपयुक्त निर्णय लिया जाएगा। इस मामले में किसी भी चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है। केंद्र सरकार का संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस संबंध में कोई विधेयक पेश करने का कोई इरादा नहीं है।

## दिल्ली: प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन तनावपूर्ण, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर किया 'पेपर स्प्रे'

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के विरोध में इंडिया गेट पर प्रदर्शन कर रहे कुछ प्रदर्शनकारियों ने रविवार को आंदोलनस्थल से हटाए जाने के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित रूप से काली मिर्च का छिड़काव (पेपर स्प्रे) किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'पेपर स्प्रे' एक गैर-घातक रसायन है, जिसका उपयोग आत्मरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए किया जाता है। इससे आंखों और श्वसन प्रणाली में तीव्र जलन होती है। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए और उनका राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी इंडिया





गेट के पास इकट्ठा हुए थे और दिल्ली की बेहद खराब वायु गुणवत्ता को लेकर ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे थे। बाद में पुलिसकर्मियों ने उन्हें वहां से हटाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, कुछ प्रदर्शनकारी सी-हेक्सागन में घुस गए और अवरोधक पार करने की कोशिश की। हमने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि पीछे कई एम्बुलेंस और चिकित्सक फंसे हैं और उन्हें रास्ता देने की जरूरत है, लेकिन वे (प्रदर्शनकारी) आक्रोशित हो गए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को स्थिति भांपकर ऐसा लगा कि वहां झड़प हो सकती है और उन्होंने प्रदर्शनकारियों को पीछे हटने को कहा।

## पहचान बदलकर भारत में रह रहे बांग्लादेशी ने भारतीय महिला का धर्मांतरण कर उससे निकाह किया

**देहरादून :** फर्जी दस्तावेज बनाकर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक ममून हसन ने भारतीय हिंदू महिला रीना चौहान का कथित तौर पर धर्मांतरण कर उसे मुसलमान बनाया और फिर बांग्लादेश ले जाकर उससे निकाह किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी । देहरादून के नेहरू कॉलोनी क्षेत्र के इन्द्रप्रस्थ एन्क्लेव में सचिन चौहान की फर्जी पहचान के साथ रहने वाले हसन और रीना को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि हसन द्वारा रीना का धर्मांतरण कर उसे मुसलमान बनाए जाने के बांग्लादेशी दस्तावेज पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने बांग्लादेश में रीना को फरजाना अख्तर बनाकर उससे निकाह किया था। पुलिस ने बताया कि धर्मांतरण का प्रकरण सामने आने के बाद मामले के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पता चला कि बांग्लादेश के मेहरपुर जिले के रहने वाले हसन और देहरादून जिले की त्यूणी तहसील की रहने वाली रीना 2019 में फेसबुक के जरिए संपर्क में आए जिसके बाद हसन तीन बार पर्यटक वीजा पर उससे मिलने भारत आया।

## दिल्ली के छतरपुर से 262 करोड़ रुपये मूल्य का 328 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद, दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने छतरपुर स्थित एक घर से 328 किलोग्राम मेथामफेटामाइन बरामद करते हुए इस प्रतिबंधित पदार्थ की तस्करी में शामिल अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, जब्त मेथामफेटामाइन की कीमत 262 करोड़ रुपये के आसपास आंकी गई है। इसमें कहा गया है कि 'ऑपरेशन क्रिस्टल फोर्ट्रेस' के तहत 20 नवंबर को की गई कार्रवाई के दौरान एक महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। 'ऑपरेशन



क्रिस्टल फोर्ट्रेस' बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल गिरोहों को लक्षित करने वाला एक समन्वित आसूचना आधारित अभियान है। बयान में इस बरामदगी को राष्ट्रीय राजधानी में मादक पदार्थों की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि दक्षिण दिल्ली के छतरपुर में नगालैंड की मूल निवासी एक महिला के आवास पर मेथामफेटामाइन की बड़ी खेप बरामद की गई और उसे नगालैंड पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया।

## आतंकवाद के खिलाफ कतई सहन नहीं करने की नीति: उपराज्यपाल सिन्हा



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को यहां एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को आतंकवाद के समर्थकों और युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने की कोशिश करने वालों के खिलाफ ''सबसे कड़ी कार्रवाई'' करने का निर्देश दिया। सिन्हा ने अधिकारियों से आतंकवादियों के खिलाफ खुफिया अभियानों को तेज करने और आतंकी संगठनों द्वारा कट्टरपंथ और वित्तपोषण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल मंचों की निगरानी के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात, पुलिस मुख्यालय के विशेष महानिदेशक (समन्वय) एस जे एम गिलानी, प्रमुख सचिव (गृह) चंद्राकर भारती और एडीजीपी, सीआईडी, नीतीश कुमार शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए बधाई दी।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़-कोतरलिया रेलखंड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य एवं चक्रधर नगर स्टेशन की सफल कमीशनिंग



**बिलासपुर :** रायगढ़-कोतरलिया रेलखंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली स्थापित करने के क्रम में दोनों स्टेशनों के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग इंस्टॉलेशन में आवश्यक संशोधन हेतु आज पूर्वनिर्धारित 4 घंटे की नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। रायगढ़ स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य 11:15 बजे एवं कोतरलिया स्टेशन पर 11:25 बजे प्रारंभ हुआ। निर्धारित समयानुसार तकनीकी कार्य पूर्ण कर रायगढ़ स्टेशन को 14:25 बजे तथा कोतरलिया स्टेशन को 14:20 बजे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य की पूर्णता उपरांत सुरक्षित रूप से परिचालन हेतु बहाल किया गया। इस रेलखंड में संचालित इन महत्वपूर्ण सिग्नलिंग संशोधनों के साथ ही चक्रधर नगर नए स्टेशन का भी सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है, जिससे रेल संचालन क्षमता, संरक्षा एवं ट्रैफिक हैंडलिंग दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इन सभी कार्यों को संरक्षित, समयबद्ध एवं कुशलतापूर्वक संपादित किया गया है, जिससे इस रेलखंड में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रेल परिचालन सुनिश्चित होगा तथा यात्री एवं माल परिवहन को लाभ मिलेगा

## झोलाछाप डॉक्टर से यौन उपचार कराने में इंजीनियर ने गंवाए 48 लाख रुपये, किडनी को भी पहुंचा नुकसान

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने झोलाछाप डॉक्टर से ''यौन उपचार'' कराने में कथित तौर पर 48 लाख रुपये गंवा दिए और संभवत: ''दवा'' के कारण उसकी किडनी को भी नुकसान पहुंचा। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शिवमोग्गा निवासी एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शिकायत के आधार पर, शनिवार को ज्ञानभारती पुलिस थाने में एक झोलाछाप डॉक्टर और एक मेडिकल स्टोर मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वे मामले के संबंध में आरोपियों की तलाश कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने शुरुआत में यौन स्वास्थ्य समस्याओं के लिए केंगेरी के एक मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल में परामर्श लिया था, लेकिन तीन मई को उसने शहर में एक तंबू देखा, जहां एक विज्ञापन लगा था, जिसमें यौन समस्याओं का ''त्वरित इलाज'' करने का दावा किया गया था। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित सॉफ्टवेयर इंजीनियर वहां गया और विजय गुरुजी नामक एक व्यक्ति से मिला, जिसने आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से उसकी समस्या का स्थायी समाधान करने का आश्वासन दिया। विजय गुरुजी ने कथित तौर पर उसे ''देवराज बूटी'' नामक एक काढ़ा दिया, जिसके बारे में उसने दावा किया कि यह हरिद्वार से लाया गया है और यशवंतपुर की एक आयुर्वेदिक दुकान पर उपलब्ध है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता ने यह काढ़ा एक लाख 60,000 रुपये रुपये प्रति ग्राम की दर से नकद भुगतान करके खरीदा था, क्योंकि डिजिटल भुगतान का विकल्प उपलब्ध नहीं था। इसके बाद, झोलाछाप डॉक्टर ने पीड़ित को ''भावना बूटी तैल'' नामक 15 ग्राम दवा दी, जिसकी कीमत 76,000 रुपये प्रति ग्राम थी।

## लोकपाल कानून में 'विवेकाधिकार की गुंजाइश को रोकने' के लिए संशोधन की आवश्यकता

**नयी दिल्ली :** भ्रष्टाचार-रोधी लोकपाल के कामकाज संबंधी कानून में ''विवेकाधिकार की किसी भी गुंजाइश को रोकने'' और इसके उचित प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए संशोधन की आवश्यकता है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि सरकार के कुछ वर्गों में यह ''प्रबल भावना'' है कि एक दशक पहले बनाए गए कानून के कुछ प्रावधानों पर अब पुनर्विचार किया जाना चाहिए। लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 को एक जनवरी, 2014 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया गया। हालांकि, इसने अपने अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बाद 27 मार्च, 2019 को कार्य करना शुरू किया। लोकपाल की अगुवाई एक अध्यक्ष करता है, जो वर्तमान में उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर हैं, और इसमें आठ सदस्य हो सकते हैं, जिनमें चार न्यायिक और चार गैर-न्यायिक सदस्य होते हैं। एक सूत्र ने कहा, ''सरकार के कुछ वर्गों में यह प्रबल भावना है कि अब लोकपाल अधिनियम के कुछ प्रावधानों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए, ताकि विवेकाधिकार की किसी भी गुंजाइश को रोका जा सके और इसका उचित प्रवर्तन सुनिश्चित किया जा सके।''

## दलाई लामा की सेहत 'बहुत अच्छी' है, इससे चीन है 'बेचैन' : तिब्बती नेता

**लखनऊ :** सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के नेता पेनपा त्सेरिंग ने रविवार को कहा कि इसी साल जुलाई में 90 साल के हुए दलाई लामा की सेहत अब भी 'बहुत अच्छी' है और उनकी लंबी उम्र चीन को 'बेचैन' कर रही है। दो दिन के दौरे पर लखनऊ पहुंचे त्सेरिंग ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''वे (चीन) दलाई लामा की मृत्यु का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन दलाई लामा कहते रहते हैं कि वह अभी 20 साल और जियेंगे, शायद 130 साल तक। उनकी सेहत बहुत अच्छी है। इसलिए मैं कहता रहता हूं कि देखते हैं कि कम्युनिज़्म इस दलाई



लामा से ज्यादा समय तक जिंदा रहता है या दलाई लामा कम्युनिज़्म से अधिक वक्त तक जीवित रहते हैं।'' जुलाई में धर्मशाला में अपने 90वें जन्मदिन के मौके पर तिब्बती आध्यात्मिक नेता और 14वें दलाई लामा ने यह ऐलान करके सभी अटकलों पर विराम लगा दिया था कि उनका एक उत्तराधिकारी होगा। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यह पुनर्जन्म से होगा या बाहर से। तिब्बती लोगों की आम मान्यता के अनुसार दलाई लामा मृत्यु के बाद 'पुनर्जन्म' लेते हैं। त्सेरिंग ने कहा कि 'बाहर से आने' की परिकल्पना यानी 'अपने जीवनकाल में ही उत्तराधिकारी का नाम बताना' भी तिब्बती लोगों का विश्वास है! हालांकि नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त दलाई लामा ने यह साफ न करके चीनी लोगों को उलझन में रखा है कि उनका उत्तराधिकारी कैसे आएगा।

## बहुविवाह-रोधी विधेयक 'मियां' को निशाना बनाने के लिए नहीं है : हिमंत विश्व शर्मा

**तेजपुर (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए राज्य सरकार के प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य 'मियां' को निशाना बनाना नहीं है, क्योंकि यह प्रथा अन्य धर्मों में भी मौजूद है। शर्मा ने कहा कि एक से अधिक महिलाओं से विवाह करने की प्रथा 'मियां' समुदाय में अधिक प्रचलित है। शर्मा ने सोनितपुर जिले के रंगपाड़ा में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''बहुविवाह पर रोक लगाने के लिए हम 'मियां' समुदाय को निशाना नहीं बना रहे हैं। अन्य धर्मों के लोग भी ऐसा करते हैं।'' 'मियां' मूलतः



असम में बांग्लाभाषी मुसलमानों के लिए प्रयुक्त एक अपमानजनक शब्द है तथा गैर-बांग्लाभाषी लोग आमतौर पर उन्हें बांग्लादेशी घुसपैठियों के रूप में पहचानते हैं। शर्मा ने कहा कि यद्यपि बहुविवाह 'मियाओं' में अधिक प्रचलित है, लेकिन ''यह नहीं कहा जा सकता कि यह हिंदुओं में नहीं होता''। राज्य मंत्रिमंडल ने नौ नवंबर को कुछ अपवादों को छोड़कर बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। इसके तहत बहुविवाह करने के दोषी को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा हो सकती है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि जब तक वह सत्ता में हैं, तब तक वह ''संदिग्ध मियों को परेशान'' करते रहेंगे। शर्मा ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी के लिए ''मियां ऑक्सीजन हैं''। उन्होंने कहा, ''असम में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। वह 22 सीट पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी उम्मीदवारों से बड़ी रकम लेगी और इच्छुक उम्मीदवारों को पहले ही संकेत दे दिए गए हैं कि वे एक करोड़ रुपये पहले और तीन करोड़ रुपये बाद में दें।'' शर्मा ने आरोप लगाया कि पार्टी ने पहले भी उम्मीदवारों से पैसे लिये थे। उन्होंने संकेत दिया कि कांग्रेस जिन सीट पर चुनाव लड़ेगी वे अल्पसंख्यक बहुल सीट होंगी। असम की 126-सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अगले वर्ष होने हैं।

## विंग कमांडर नमांश स्याल का अंतिम संस्कार, फूट-फूटकर रोते हुए पत्नी ने दी सलामी

**शिमला :** दुबई एयर शो के दौरान तेजस विमान हादसे में जान गंवाने वाले विंग कमांडर नमांश स्याल का रविवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान, भारतीय वायुसेना में अधिकारी उनकी पत्नी विंग कमांडर अफशां बहुत भावुक दिखीं और छह-वर्षीय बेटी मां से लिपटी रही। विंग कमांडर के चचेरे भाई ने श्मशान में स्याल के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी, जबकि भारतीय वायुसेना के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, नेता और स्थानीय निवासी उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों के लिए नमांश एक उत्कृष्ट खिलाड़ी और देशभक्त थे। स्याल की 21 नवंबर को एयर शो के दौरान लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एसएसी)



तेजस को उड़ाते समय हुई दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनके पार्थिव शरीर को रविवार को तमिलनाडु के सुलुर एयर फोर्स बेस लाया गया, जहां उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। बाद में, शव को हिमाचल प्रदेश के गग्गल हवाई अड्डे पर लाया गया और फिर सेना के एक ट्रक में फूलों से सजाकर उनके पैतृक गांव पटियालकर ले जाया गया। इस दौरान सशस्त्र बलों और प्रशासनिक वाहनों का काफिला ट्रक के पीछे चल रहा था। रास्ते में सैकड़ों लोग कतार में खड़े हुए थे और 'जब तक सूरज चांद रहेगा, नम्मू (नमांश) तेरा नाम रहेगा'

## न्यूज ब्रीफ

### ईस्ट बंगाल उज्बेकिस्तान की नसाफ से 0-3 से हारकर एएफसी महिला चैंपियंस लीग से बाहर

**वुहान (चीन):** ईस्ट बंगाल की टीम उज्बेकिस्तान की पीएफसी नसाफ के हाथों 0-3 से हारकर रविवार को एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से बाहर हो गई। विजेता टीम के लिए दियोराखोन खाबीबुल्लाएवा (18वें और 90+8) ने दो गोल किए, जबकि जरीना नोरबोएवा ने 52वें मिनट में गोल किया। ईस्ट बंगाल ने इस टूर्नामेंट में अपने पहले अभियान का अंत तीन अंकों के साथ किया। यह टीम के लिए तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। ईस्ट बंगाल ने इससे पहले ग्रुप बी में ईरान की बाम खातून एफसी को 3-1 से हराया था और चीन की वुहान जियांगडा एफसी से 0-2 से हार गई थी।

### मुथुसामी-यानसन की धमाकेदार पारियों से दक्षिण अफ्रीका ने खड़ा किया 489 रन का पहाड़

**गुवाहाटी:** सेनुरन मुथुसामी के पहले टेस्ट शतक और मार्को यानसन की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी 489 रन पर समेटी। मुथुसामी ने 206 गेंदों पर 109 रन की जिम्मेदार पारी खेली, जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल थे। यानसन 93 रन बनाकर शतक से सात रन से चूक गए, लेकिन उन्होंने 91 गेंद की पारी में सात छक्के जड़कर भारतीय स्पिनरों पर स्पष्ट दबाव बनाया। इस दौरान यानसन एक पारी में भारतीय धरती पर सर्वाधिक छक्के लगाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विव रिचर्ड्स और मैथ्यू हेडन का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने छह-छह छक्के लगाए थे। दोनों बल्लेबाजों ने आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़कर मेजबानों के सामने बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। भारत ने जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक 6.1 ओवर में बिना विकेट खोए नौ रन बनाए।

# भारतीय महिला टीम ने दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट विश्व कप जीता

**कोलंबो:** भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को यहां के पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा



सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही। भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।

## लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर खिताब का सूखा खत्म किया

**सिडनी:** भारत के लक्ष्य सेन ने रविवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया। लक्ष्य ने कहा, 'इस सत्र में मैंने काफ़ी उतार-चढ़ाव देखे। सत्र की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं। लेकिन मैंने पूरे सत्र में कड़ी मेहनत की और अब जीत



के साथ सत्र का अंत करके मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं और अगले सत्र का इंतजार कर रहा हूं। इस टूर्नामेंट में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।' विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेजतर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था।

## मुथुसामी-यानसन की धमाकेदार पारियों से दक्षिण अफ्रीका का 489 रन का विशाल स्कोर



**गुवाहाटी :** सेनुरन मुथुसामी के करियर के पहले शतक (109) और मार्को यानसन की तूफानी 93 रन की पारी की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 489 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़कर भारतीय गेंदबाजों को पूरी तरह दबाव में रखा। यानसन ने 7 छक्के लगाकर भारतीय जमीन पर विदेशी बल्लेबाज द्वारा एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का नया रिकॉर्ड बना दिया। भारत ने दूसरे दिन स्टंप्स तक बिना विकेट खोए 9 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल 7 और केएल राहुल 2 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले मुथुसामी ने 206 गेंदों में 10 चौकों और 2 छक्कों की मदद से शतक पूरा किया। कुलदीप यादव भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने 4 विकेट झटके। बुमराह, सिराज और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। वेरिन (45) और मुथुसामी की साझेदारी तथा बाद में यानसन के आक्रमण ने भारतीय गेंदबाजों को लगातार परेशान किया। पिच अब भी बल्लेबाजी के अनुकूल है और भारत को बड़ी पारियों की जरूरत होगी।

## राहुल को वनडे कप्तानी, जडेजा की वापसी

**■ बुमराह-सिराज आराम पर**

**नयी दिल्ली:** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में अहम बदलाव किए गए हैं। टीम प्रबंधन ने अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है, जबकि लगभग आठ महीने बाद स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। यह फैसला नियमित कप्तान शुभमन गिल के कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगने और श्रृंखला से बाहर होने के बाद लिया गया। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार, राहुल को यह जिम्मेदारी फिलहाल सीमित अवधि के लिए दी गई है। चयनकर्ताओं का मानना है कि शुभमन गिल जनवरी 2026 में



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला तक फिट हो जाएंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उपकप्तान की भूमिका दी गई है।वनडे श्रृंखला 30 नवंबर को रांची से शुरू होगी, इसके बाद तीन दिसंबर को रायपुर और छह दिसंबर को विशाखापत्तनम में मुकाबले खेले जाएंगे। जडेजा आखिरी बार मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में खेले थे। उनकी टीम में वापसी अक्षर पटेल को आराम दिए जाने के बाद संभव हुई है। कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर भी स्पिन आक्रमण का हिस्सा होंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। बुमराह फिलहाल टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा हैं और उन्हें वनडे में वापसी के लिए इंतजार करना होगा। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी संभालेंगे। युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है। वहीं, रुतुराज गायकवाड़ ने हाल में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई है। विराट कोहली, जिन्होंने टेस्ट और टी20 से संन्यास ले लिया है, इस वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

## पिता की तबीयत खराब होने के कारण स्मृति मंधाना की शादी टली

**सांगली:** स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास के बीमार पड़ने के कारण भारतीय महिला टीम की इस दिग्गज क्रिकेटर और संगीतकार पलाश मुच्छल की शादी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मंधाना और पलाश की शादी रविवार (23 नवंबर) को होनी थी। मंधाना अपने पिता से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं, जो उनके क्रिकेट करियर में लगातार उनका साथ देते रहे हैं। मंधाना के प्रबंधक तुहिन मिश्रा ने बताया कि विश्व कप विजेता क्रिकेटर के पिता को रविवार सुबह अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गई। मिश्रा ने कहा, 'स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास मंधाना आज सुबह नाश्ता करते समय तबीयत बिगड़ने लगी। हमने सोचा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे, लेकिन उनकी हालत



में कोई सुधार नहीं हुआ। इसलिए हमने एम्बुलेंस बुलाई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वह चिकित्सकों की निगरानी में है।' मिश्रा ने कहा कि पिता की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए मंधाना ने उनके ठीक होने तक अपनी शादी स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'मंधाना अपने पिता के बहुत करीब हैं।

## कोलकाता की पिच अलग थी लेकिन यह 'सड़क' की तरह है: कुलदीप

**गुवाहाटी:** वामहस्त स्पिनर कुलदीप यादव ने दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम को जल्दी आउट करने में नाकाम रहे भारतीय गेंदबाजों का बचाव करते हुए रविवार को बरसापारा स्टेडियम की पिच की तुलना 'सड़क' से की। दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम के बल्लेबाज पहली पारी में टीम के स्कोर को 489 रन तक पहुंचाने में सफल रहे। कोलकाता में खेले गए श्रृंखला के पहले टेस्ट में बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा था लेकिन यहां स्पिनरों को पिच



से खास मदद नहीं मिल रही थी। कुलदीप से जब दोनों स्थलों के पिच की तुलना से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने व्यंग्य भरे लहजे में कहा, 'कोलकाता का विकेट तो अलग था। यह तो 'सड़क (पूरी तरह से सपाट)' की तरह है। इसलिए यह चुनौतीपूर्ण है और इसीलिए इसे टेस्ट मैच कहा जाता है।' कुलदीप भारत की ओर से पहली पारी में सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 29.1 ओवर में 115 रन देकर चार विकेट लिए।

### अमर सिंह देवंदा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीती

**नयी दिल्ली:** भारत के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन




ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया।



## गडकरी ने कृषि विकास के लिए 'किसान उत्पादक कंपनियों' की वकालत की

**नागपुर:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को किसानों की प्रगति के लिए किसान उत्पादक कंपनियों की आवश्यकता पर जोर दिया। किसान उत्पादक संगठन पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की सभी समस्याओं को जिले के कमिश्नरेट स्तर पर किसान उत्पादक कंपनी के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, किसानों की प्रगति और विकास के लिए हमें किसान उत्पादक कंपनियों का एक शीर्ष संगठन बनाना होगा। इन कंपनियों के माध्यम से किसान कृषि उपकरण, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि का सामूहिक उपयोग कर सकेंगे और कर्ज चुकाना भी आसान हो जाएगा। उन्होंने



कहा कि खेती की लागत कम करना और पैदावार बढ़ाना सबसे जरूरी है। गडकरी ने कहा, इसी से किसान समृद्ध और खुशहाल बनेंगे। साथ ही उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीक और कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग पर विशेष बल दिया। यह कार्यशाला एग्रो विजन द्वारा आयोजित की गई थी।

# अमेरिका के नए प्रतिबंधों से भारत में रूसी तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका

**नयी दिल्ली:** रूसी कच्चे तेल के प्रमुख निर्यातकों पर अमेरिका के नए प्रतिबंध पूरी तरह लागू होने के बाद ऊर्जा बाजार से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि भारत में रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा, हालांकि यह पूरी तरह बंद नहीं होगा। रॉसनेफ्ट और लुकोइल तथा उनकी बहुलांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू हो गए। इससे अब इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना या बेचना लगभग नामुमकिन हो गया है। भारत ने इस साल औसतन 17 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया और प्रतिबंधों से पहले यह मजबूत बना रहा। नवंबर में आयात 18-19 लाख बैरल प्रतिदिन रहने का




अनुमान है, क्योंकि रिफाइनरी सस्ते तेल की खरीद को अधिकतम कर रहे हैं। आगे चलकर दिसंबर और जनवरी में आपूर्ति में स्पष्ट गिरावट आने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार यह घटकर लगभग चार लाख बैरल प्रतिदिन तक रह सकता है। परंपरागत रूप से पश्चिम एशियाई तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस से अपने तेल आयात में काफी वृद्धि की। पश्चिमी प्रतिबंध और यूरोपीय मांग में कमी के कारण रूस से तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ। परिणामस्वरूप, भारत का रूसी कच्चा तेल आयात कुल आयात का एक प्रतिशत से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गया। नवंबर में भी रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना रहा, जो कुल आयात का लगभग एक तिहाई है। केप्लर के रिफाइनिंग और मॉडलिंग के मुख्य अनुसंधान विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''हम निकट भविष्य में, विशेषकर दिसंबर और जनवरी में भारत के लिए रूसी कच्चे तेल के प्रवाह में स्पष्ट गिरावट की उम्मीद करते हैं। अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हो गई है, हालांकि रूस की मध्यस्थों और वैकल्पिक वित्त प्रबंधन की क्षमता को देखते हुए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दी होगा।''

## न्यूज अपडेट

### जम्मू कश्मीर में पहली बार चूना पत्थर के सात ब्लॉक की नीलामी होगी

**नयी दिल्ली:** जम्मू और कश्मीर में सोमवार को पहली बार चूना पत्थर के कुल सात ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। खान मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यह केंद्र शासित प्रदेश में खनन ब्लॉक की पहली नीलामी भी है, जो पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धात्मकता और खनिज क्षेत्र में सतत विकास की दिशा में बदलाव को दर्शाती है। इन खनिज भंडारों को जी3 और जी4 अन्वेषण चरणों के तहत वर्गीकृत किया गया है। खान मंत्रालय ने कहा, जम्मू- कश्मीर में चूना पत्थर खनिज खंडों की यह पहली नीलामी 24 नवंबर 2025 को जम्मू में औपचारिक रूप से शुरू होगी। इस कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी करेंगे।

### टाटा मोटर्स को 2025-26 में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद




**नयी दिल्ली:** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री लगभग पांच प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि त्योहारी सत्र खत्म होने के बाद भी दबी हुई मांग बहुत मजबूत बनी हुई है, इसलिए दूसरी छमाही में दो अंकों की वृद्धि होने की पूरी संभावना है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान बिक्री में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी और त्योहारी मौसम में ही घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में सुधार हुआ। चंद्रा ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि अक्टूबर-मार्च में बिक्री दो अंकों में बढ़नी चाहिए। उन्होंने बताया कि त्योहारी मांग की वजह से सितंबर में उद्योग को पांच प्रतिशत और अक्टूबर में 17 प्रतिशत की वृद्धि मिली थी। नवंबर और दिसंबर में भी दबी हुई मांग मजबूत है। इसलिए दोनों महीने कारोबार के लिहाज से बहुत अच्छे रहेंगे। उन्होंने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में त्योहारों से पहले 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी, इसलिए पूरे साल में वृद्धि करीब पांच प्रतिशत के दायरे में रहेगी।

### पराली से हर साल 270 करोड़ की नवीकरणीय ऊर्जा बन सकती है: आईबीए

**नयी दिल्ली:** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने रविवार को कहा कि किसानों द्वारा अभी जलायी जा रही 73 लाख टन धान की पराली का यदि बायोगैस संयंत्रों में इस्तेमाल किया जाए तो इससे हर साल करीब 270 करोड़ रुपये मूल्य की नवीकरणीय गैस पैदा की जा सकती है। आईबीए के बयान के अनुसार, नवीनतम एनएरोबिक डाइजेशन प्रक्रिया इस कृषि अवशेष को बहुत प्रभावी ढंग से कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) में बदल सकती है, जो आयातित प्राकृतिक गैस की सीधी जगह ले सकती है। बयान में यह भी कहा गया कि ऊर्जा उत्पादन के अलावा धान की पराली 40 प्रतिशत सेल्युलोज़ सामग्री होने के कारण बायोएथनॉल बनाने के लिए भी बहुत अच्छी है। आईबीए ने दावा किया कि इससे लगभग 1,600 करोड़ रुपये के आयात प्रतिस्थापन की संभावना है। साथ ही, शेष 20 प्रतिशत लिग्निन घटक से उच्च-मूल्य वाले उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। आईबीए चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा, 'यह नीति 2028-29 तक 37,500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर सकती है और देश में 750 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने में मदद करेगी।

## निर्यात संवर्धन मिशन के दिशानिर्देश संभवत: अगले सप्ताह से जारी होंगे: गोयल



**यरुशलम:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) के विस्तृत दिशानिर्देश अगले सप्ताह से जारी हो सकते हैं। इसमें योजना के सभी हिस्से और उद्योग को मिलने वाले लाभों की पूरी जानकारी होगी। सरकार ने 12 नवंबर को 25,060 करोड़ रुपये की इस योजना को मंजूरी दी थी। योजना 2025-26 से शुरू होकर छह वित्त वर्षों के लिए है। इसका मकसद अमेरिका के भारी शुल्कों से निर्यातकों को राहत देना है। यह मिशन दो उप-योजनाओं से लागू होगा - निर्यात प्रोत्साहन (10,401 करोड़ रुपये) और निर्यात दिशा (14,659 करोड़ रुपये)। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'निर्यात संवर्धन मिशन के दिशानिर्देश बहुत जल्द जारी होंगे। मुझे लगता है कि अगले सप्ताह तक इसके सारे हिस्से और उद्योग को क्या फायदे होंगे, उसकी पूरी जानकारी दे दी जाएगी।' इस मिशन के तहत उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो हाल में वैश्विक शुल्क वृद्धि से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इनमें कपड़ा, चमड़ा, आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और समुद्री उत्पाद शामिल हैं। इन क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऊंचे आयात शुल्क की वजह से अक्टूबर में अमेरिका को भारत का माल निर्यात 8.58 प्रतिशत घटकर 6.3 अरब डॉलर रह गया।

### अदाणी ने ट्रेड कैसल टेक पार्क को 231 करोड़ रुपये में खरीदा

**नयी दिल्ली:** अदाणी समूह की एक संयुक्त उद्यम कंपनी ने बुनियादी ढांचा डेवलपर ट्रेड कैसल टेक पार्क को 231.34 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। ट्रेड कैसल टेक पार्क के पास काफी जमीन है। अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, 'उसने और डेटा सेंटर परिचालक एजकॉनेक्स के संयुक्त उद्यम अडानीकॉनेक्स (एसीएक्स) ने टीसीटीपीपीएल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए 21 नवंबर 2025 को ट्रेड कैसल टेक पार्क (टीसीटीपीपीएल) तथा उसके मौजूदा शेयरधारक श्री नामन डेवलपर्स और जयेश शाह के साथ एक शेयर खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।'

### भारत, इजरायल प्रस्तावित एफटीए को दो चरणों में लागू करेंगे

**जेरुशलम:** भारत और इजरायल अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिल सके। यह बात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कही। भारत और इजरायल ने इस समझौते के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। इस टीओआर में माल के लिए बाजार पहुंच, शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना, निवेश सुगमीकरण, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग बढ़ाना तथा सेवा व्यापार को बढ़ावा देने के नियमों में ढील देना शामिल है। गोयल ने यहां कहा, 'हम इसे दो चरणों में करने पर विचार कर रहे हैं। वार्ता शुरू होने पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। दोनों मंत्री चाहते हैं कि पहला चरण जल्द पूरा हो जाए ताकि व्यापारिक समुदाय को जल्द फायदा मिलना शुरू हो जाए।' मंत्री द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने इजरायल आए हैं।

## 2026-27 तक भारत में निजी क्षेत्र का 'पावर सिस्टम' कारोबार सरकारी आपूर्ति से अधिक होगा: रोल्स-रॉयस

**नयी दिल्ली:** बहुराष्ट्रीय एयरोस्पेस और पावर सिस्टम कंपनी रोल्स-रॉयस को उम्मीद है कि 2026-27 तक भारत में उसका निजी क्षेत्र का 'पावर सिस्टम' कारोबार सरकारी आपूर्ति से अधिक हो जाएगा। कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने यह बात कही। कंपनी भारत में एमटीयू ब्रांड के तहत अपने पावर सिस्टम उत्पाद और समाधान बेचती है। वह डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर साइट, फैक्ट्रियों और अन्य संस्थागत बैकअप तैनाती के लिए पावर समाधान की तेजी से बढ़ती मांग पर बड़ा दांव लगा रही है। रोल्स-रॉयस का पावर सिस्टम कारोबार बड़े इंजनों, प्रोपल्शन सिस्टम और डिस्ट्रिब्यूटेड एनर्जी सिस्टम में विशेषज्ञ है। भारत में इसकी मौजूदगी के 25 साल पूरे हो रहे हैं और देश में 2600 से ज्यादा एमटीयू इंजन व जेनसेट नौसेना, थल सेना, खनन और बिजली क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। रोल्स-रॉयस पावर सिस्टम्स के वैश्विक बाजार के अध्यक्ष और रोल्स-रॉयस सॉल्यूशंस एशिया के प्रबंध निदेशक जियोवानी




स्पादारो ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''भारत में पहले हमारा ध्यान नौसेना, थल सेना, उत्पादों की सर्विसिंग, कुछ खनन कारोबार और अस्पतालों तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए आपातकालीन बैकअप पावर पर था।' उन्होंने आगे कहा, 'अब दुनिया के ज्यादातर हिस्सों की तरह भारत में भी डेटा सेंटर कारोबार बढ़ रहा है और इससे पूरी तस्वीर बदल रही है।' स्पादारो ने कहा कि पहले जहां 70 प्रतिशत कारोबार सरकारी और 30 प्रतिशत निजी क्षेत्र से आता था, वहीं इस साल यह लगभग 50-50 प्रतिशत के करीब पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर निजी क्षेत्र का हिस्सा और मजबूत हो जाएगा। स्पादारो ने भारत में गैर-सरकारी कारोबार के तीन मुख्य स्तंभ बताए - डेटा सेंटर, गैस इंजन और सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति।

वर्ष 10, पूर्णांक 3419 अंक 229, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in